रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:33 | रविवार,05 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### भारत ने खरीदे छह नए एके-630 एयरडिफेंस गन सिस्टम

एजेंसी

नई दिल्ली (एजेंसी) : भारत पाकिस्तान सीमा और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। सेना ने छह नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड को टेंडर जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब के आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया था, तब इन गनों की जरूरत महसूस हुई थी। यह गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को की थी। इस मिशन का लक्ष्य 2035 तक देश के लिए स्वदेशी मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है।

### एक दिन में क्लियर होगा चेक, नया सिस्टम लागू

एजेंसी

नई दिल्ली रिजर्व बैंक ऑफइंडिया यानी आरबीआई का नया चेक क्लियरेंस सिस्टम 4 अक्टूबर से लागू हो गया। इसके तहत चेक जमा करने के बाद अमाउंट कुछ ही घंटों में प्रोसेस होकर खाते में आ जाएगा। पहले इसमें 2 दिन तक का समय लगता था। नया सिस्टम 'कंटीन्युअस क्लियरिंग एंड सेटलमेंट' है। इसमें बैंक चेक को स्कैन करेंगे, प्रेजेंट करेंगे और कुछ ही घंटों में पास कर दिया जाएगा। ये सारा काम बैंक के कामकाजी घंटों में होगा। बैंकों ने एक दिन पहले से ही इसका ट्रायल शुरू कर दिया था।एचडीएफसी और आईसीआईसीआईबैंक सहित निजी बैंकों ने कस्टमर्स से कहा है कि अकाउंट में पर्याप्त बैलेंस रखें, ताकि चेक बाउंस न हो। साथ ही चेक की सारी डिटेल्स सही-सही भरें, वरना देरी या रिजेक्शन हो सकता है। बैंकों ने कस्टमर्स से कहा है कि सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए पॉजिटिव पेसिस्टम यूज करें। इसके तहत 50,000 रुपये से ज्यादा के चेक जमा करने से पहले कुछ जरूरी डिटेल्सबैंक को देनी होंगी।

### देश में जहाज निर्माण केलिए 24,736 करोड़ मंजूर

एजेंसी

नई दिल्ली: देश में जहाज निर्माण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस स्कीम (एसबीएफएएस) और नेशनल शिपबिल्डिंग मिशन (एनएसबीएम) के तहत 24,736 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने अपने एक्सअकाउंट के माध्यम से।

# बुलडोजर से नहीं, कानून के शासन से चलता है देश

एजेसी



मॉरीशस (एजेंसी)। देश के मुय न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है। पिछले 10 दिनों के अंदर उन्होंने दूसरी बार बुलडोजर ऐशन की निंदा की है। हालांकि, इस बार उन्होंने सात समंदर पार जाकर यानी विदेश जाकर यह बयान दिया है। मॉरीशस में 'सबसे बड़े लोकतंत्र में कानून का शासनइ विषय पर सर मौरिस रॉल्ट स्मृति व्यायान 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने 'बुलडोजर न्यायइ की निंदा करने वाले अपने ही फैसले का उल्लेख किया। प्रयात न्यायविद सर मौरिस रॉल्ट 1978 से 1982 तक मॉरीशस के प्रधान न्यायाधीश थे। कानून के शासन का सिद्धांत और भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा उसकी व्यापक व्याया पर प्रकाश डालते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा, इस फैसले ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है। जस्टिस गवई इन दिनों मॉरीशस की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा

### 10 दिनों में यह दूसरी बार बोलेसीजेआई बीआर गवई

पर हैं। 'बुलडोजर न्यायइ मामले में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि कथित अपराधों को लेकर अभियुतों के घरों को गिराना कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करता है, कानून के शासन का उल्लंघन करता है और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आश्रय के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि यह भी माना गयाकि कार्यपालिका अन्य भूमिका नहीं निभा सकती। इस मौके पर मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल, प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और प्रधान न्यायाधीश रेहाना मुंगली गुलबुल आदि भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में, प्रधान न्यायाधीश ने 1973 के केशवानंद भारती मामला सहित उच्चतम न्यायालय के विभिन्न ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख किया। सीजेआई गवई ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में, ऐतिहासिक अन्याय के निवारण के लिए कानून बनाए गए हैं और हाशिए पर पड़े समुदायों ने अपने अधिकारों का दावा करने के लिए असर इनका और कानून के शासन की भाषा का सहारा लिया है। उन्होंने कहा, ''राजनीतिक क्षेत्र में, कानून का शासन सुशासन और सामाजिक प्रगति के मानक के रूप में कार्य करता है, जो कुशासन और अराजकता के बिल्कुल विपरीत है...। महात्मा गांधी और बीआर आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने प्रदर्शित किया कि भारत में कानून का शासन चलता है।

# बिहार के युवाओं पर बरसी 'मोदी-नीतीश' की मेहरबानी

## 5 लाख स्नातक युवाओं को 2 साल तक 1000 रुपए मासिक भत्ता

एजेंसी



नई दिल्ली/पटना : लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र और राज्य सरकार ने बिहार के युवाओं को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की युवा- केंद्रित योजनाओं का शुभारंभ किया, जिनमें बिहार को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री सेतु योजना के तहत देशभर के 1000 से अधिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को 'हब एंड स्पोक मॉडल' में बदला जाएगा। इसके लिए 200 हब और 800 स्पोक आईटीआई का चयन किया गया है। इन संस्थानों को डिजिटल प्रशिक्षण प्रणालियों, आधुनिक लैब, इनक्यूबेशन सेंटर और रोजगार-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' की भी शुरुआत की। इसके तहत 5 लाख स्नातकों को 2 साल तक 1000 रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। इससे बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहारा और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बिहार के चार विश्वविद्यालयों में नई शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला रखी और बिहटा स्थित एनआईटी के नए परिसर का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने 34 राज्यों के जवाहर नवोदय विद्यालयों और एकलव्य आवासीय विद्यालयों में 1200 स्किल लैब का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव, राजीव रंजन और कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी वर्चुअली जुड़े।शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 62 हजार करोड़ रुपये से

अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए सरकार का संकल्प है कि अब बिहार का युवा अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार पाएगा और पलायन का दौर खत्म होगा। उन्होंने कहा कि कभी शिक्षा और रोजगार के अभाव में लाखों युवाओं को बिहार छोड़कर दूसरे राज्यों की ओर जाना पड़ा था। लेकिन, आज राज्य विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। प्रधानमंत्री ने यह बातें यहां विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर उन्होंने देशभर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के 46 टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। मोदी ने कहा कि यह समारोह भारत में कौशल विकास को नई प्रतिष्ठा देने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन (पीएम-सेतु) योजना की शुरूआत की, जिसके तहत 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश से देशभर के 1000 आईटीआई को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा।

## पीएम बोले-ना स्कूल खुलते थे,ना ही बच्चे आते थे

एजेंसी



**पटना:**पटना (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के युवाओं से वर्चुअली संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संवाद कार्यक्रम में जुड़े युवाओं को जंगलराज की याद दिलाई। उन्होंने कहा, ढाई दशक पहले की शिक्षा व्यवस्था और बुरे हालात का आपको अंदाजा नहीं है। पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था तबाह थी। ना स्कूल खुलते थे ना बच्चे आते थे। बच्चों को बिहार छोड़कर जाना पड़ा। यहीं से पलायन की असली शुरूआत हुई। जिस पेड़ की जड़ों में कीड़ा लग जाता है, उसे फिर खड़े करने में बहुत मेहनत लगती है। आरजेडी के राज में बिहार में वही कीड़े लग गए थे। नीतिश जी के साथ मिलकर हम बिहार को फिर पटरी पर लाए। उन्होंने कहा, आरजेडी और कांग्रेस के शासन की तुलनामें बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के युवाओं से वर्चुअली संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संवाद कार्यक्रम में जुड़े युवाओं को जंगलराज की याद दिलाई। उन्होंने कहा, ढाई दशक पहले की शिक्षा व्यवस्था और बुरे हालात का आपको अंदाजा नहीं है। पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था तबाह थी। ना स्कूल खुलते थे ना बच्चे आते थे। बच्चों को बिहार छोड़कर जाना पड़ा। यहीं से पलायन

### ीएम ने 62 हजार करोड़ की योजनाओं की शुरूआत की

की असली शुरूआत हुई। जिस पेड़ की जड़ों में कीड़ा लग जाता है, उसे फिर खड़े करने में बहुत मेहनत लगती है। आरजेडी के राजमें बिहार में वही कीड़े लग गए थे। निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' की भी शुरुआत की। इसके तहत 5 लाख स्नातकों को

2 साल तक 1000 रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। इससे बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहारा और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बिहार के चार विश्वविद्यालयों में नई शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला रखीऔर बिहटा स्थित एनआईटी के

## अब बात करने को कुछ नहीं बचा,हथियार डालने ही होंग

एजेंसी



नई दिल्ली : मित शाह शनिवार को छीसगढ़ के दौरे पर रहे। राज्य के बस्तर में अमित शाह ने मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने बस्तर जिले के मुयालय जगदलपुर में बस्तर दशहरा लोकोत्सव और स्वदेशी मेला को संबोधित भी किया, जहां से उन्होंने नसलियों को आखिरी चेतावनी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नसलियों को अब हथियार डालने ही होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नसलवाद के खतरे को अलविदा कहने के लिए 31 मार्च, 2026 की समय सीमा तय की गई है।अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नसलियों के साथ बातचीत की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की लाभदायकआत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति को स्वीकार करने के बाद उन्हें (नसली) हथियार डालने होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने (नसलियों से) बातचीत का आह्वान किया है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर दूं कि छीसगढ़ और केंद्र सरकार, दोनों ही बस्तर और सभी नसल प्रभावित इलाकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब बात करने की या बात है। एक आकर्षक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति लागूकी गई है। आगे आइए और अपने हथियार डाल दीजिए। अमित शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि हथियारोंके बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को सुरक्षा बल करारा जवाब देंगे। शाह ने काकि दिल्ली में कुछ लोग वर्षों से यह गलतसूचना फैलाते रहे हैं कि नसलवाद काजन्म विकास की लड़ाई के लिए हुआ था। लेकिन मैं अपने आदिवासी भाइयों को बतानेआया हूं कि पूरा बस्तर विकास से वंचितरहा है। इसका मूल कारण नसलवाद है।

### इस साल अब तक 1550 मिलीमीटर दर्ज हो चुकी वर्षापात

## झारखंड में बारिश ने तोड़ा 2014 का रिकॉर्ड, अभी होती रहेगी वर्षा

संवाददाता



**रांची।** झारखंड में अभी अगले तीन दिनों तक मानसून एक्टिव रहेगा और वर्षा होती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार,झारखंड में इस साल बारिश ने 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। राज्य में इस साल अब तक 1550 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो 2014 (औसतन 1129.3 मिमी) के बाद सबसे अधिक है। विभाग का कहना है कि लोगों को अभी बारिश, वज्रपात और आंधी-तूफान से राहत नहीं मिलेगी। यह सिलसिला 8 अक्टूबर तक जारी रहेगा।शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और मध्यम गति की हवा चली। इससे वातावरण में नमी दर्ज की गई और इसके प्रभाव से लोगों को ठंड का एहसास हुआ। राज्य में सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री, जमशेदपुर में 25.2 डिग्री, बोकारो में 28.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने पांच और छह अक्टूबर को भी राज्य के कई जिलोंमें बारिश की संभावना जताई है।

**न्यूजस्टडी** डिह्वश्वटी सीएम ने पहले कहा-सिरप से मौतें नहीं, अब बोले-जहां दिखे जत करो

# 10वें बच्चे की मौत, 'जहरीला कफ सिरप एमपी में भी बैन

एजेंसी



**भोपाल :** भोपाल (एजेंसी)। छिंदवाड़ा जिले में किडनी फेल होने से एक और बच्चे की मौत हो गई है। शनिवार की दोपहर नागपुर में इलाज के दौरान बड़कुई निवासी डेढ़ साल की योगिता ठाकरे की मौत हो गई। जिले में पिछले एक महीने के अंदर अब तक किडनी फेलियर से जान गंवाने वाले मासूमों की संया बढ़कर 10 हो गई है। मासूम योगिता ठाकरे पिछले 10 दिनों से नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थी। उसे पेशाब न होने की समस्या (किडनी फेलियर) के चलते पहले परासिया अस्पताल लाया गया था, जहां से हालत गंभीर होने पर नागपुर रेफर किया गया था। इससे पहले तमिलनाडु के बाद मध्यप्रदेश में भी कोल्ड्रिफ और नेस्ट्रो-डीएस कफ सिरप को बैन कर दिया गया है। इन्हीं सिरप की वजह से छिंदवाड़ा में 9 बच्चों की किडनी फेल होने से मौत हुई है। सीएम मोहन यादव ने एस पर पोस्ट कर ये जानकारी दी है। स्थानीय डॉटर की सलाह पर बच्चों को कोल्ड्रिफ और नेस्ट्रोडीए स कफ सिरप देने की बात सामने आई थी। बच्चों की मौत के बाद जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। अब एसआईटी बनाकर राज्य स्तर पर जांच की जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने एस पर लिखा- छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ

### सिर्फ छिंदवाड़ा में ही सह्रश्वलाई होती थी कोल्ड्रिफ सिरप



खुलासा हुआ है कि जो कोल्ड्रिफ सिरप सह्रश्वलाई की गई थी, उन्हें जबलपुर से भेजा गया था। हालात की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर कलेटर ने पहले ही सिरप पर बैन लगा दिया था। छिंदवाड़ा में श्री सन फार्मा कंपनी के मैनेजर की डिमांड पर महाकौशल डीलर कटारिया फार्मास्यूटिकल से इस कफ सिरप की सह्रश्वलाई होती थी। खास बात यह है कि कोल्ड्रिफ सिरप के लिए पूरे महाकौशल में सिर्फ छिंदवाड़ा से ही डिमांड आती थी। महाकौशल डीलर कटारिया फार्मास्यूटिकल ने सितंबर में चेन्नई की कंपनी श्री सन फार्मा से कोल्ड्रिफ सिरप की 660 बोतल मंगवाई थी। इनमें से 594 छिंदवाड़ा की तीन अलग-अलग मेडिकल शॉप आयुष फार्मा, न्यू अपना फार्मा और जैन मेडिकल एवं जनरल स्टोर में सह्रश्वलाई की गई। बाकी 66 सिरप डीलर ने अपने ऑफिस में रख ली थी।

## नहीं रहे झारखंड के पूर्व महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा, सिमडेगा में पैतृक गांव में आज अंतिम संस्कार

एजेंसी



रांची : अप्रैल 1971-72 की बात है। सिमडेगा के कुरडेग प्रखंड के झरैन गांव के एक बेहद गरीब परिवार का 18 साल का युवा बेंजामिन लकड़ा रांची पहुंचा। उसका दाखिला सेंट जेवियर कॉलेज में हुआ था। दिल में पढ़ाई का जुनून था और सपने बड़े थे। लेकिन सवाल यह था कि रांची में वह कैसे रहेगा और खाएगा क्या? घर से निकलते वक्त उसकी जेब में मात्र दो रुपए थे। सवा रुपए उसने पहले दो-तीन दिनों में खाने में खर्च कर दिए। बाकी बारह आने अगले दिनों के लिए बचाए। छह दिन भूखा रहने के बाद सातवें दिन थकान और भूख के कारण वह पुरुलिया रोड पर बेहोश होकर गिर पड़ा। पास से गुजर रहे दोस्तजोसेफ कीड़ो ने उसे उठाकर रिक्शे पर हॉस्टल पहुंचा दिया। जोसेफ ने उसकी कहानी जानी तो हैरान रह गया। बेंजामिन का बचपन भी कठिनाइयों से भरा रहा। जन्म के समय ही उनके पिता का निधन हो गया। मां मार्टिना बच्चों के लिए रोज भोजन जुटातीं, लेकिन खुद भूख से जूझतीं। एक दिन जंगली भाजी खाने के कारण उनका निधन हो गया। यह 20 साल के बेंजामिन के लिए गहरा सदमा था। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। सेंट जेवियर कॉलेज मेंदाखिले के बाद उनका संघर्ष जारी।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने श्री श्याम मंदिर में 173वां श्री श्याम भंडारा का किया भव्य आयोजन

**रांची, संवाददाता ।**

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्यामसुंदर शर्मा डॉ हरि कृष्ण बुधिया अरुण कुमार बुधिया देवेन्द्र कुमार बुधिया ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया । उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। जड़िया देवी बुधिया ट्रस्ट के ट्रस्टीगण ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया।



श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव आलू चना दाल कद्दू लौकी मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा एवं मंदिर के सहयोगी रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी के देख रेख में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल जड़िया देवी बुधिया ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि कृष्ण बुधिया सचिव अरुण कुमार बुधिया कोषाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार बुधिया मण्डल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्यामसुंदर शर्मा राजेश ढांढनीया अनुज मोदी कमलेश सावा वेद भूषण जैन अंकित कुमार कृष्णा कुमार संकेत चौधरी मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग दिया।

**शरद पूर्णिमा उत्सव**

दिनांक 6 अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। खाटूनरेश को श्वेत बागा पोशाक श्वेत पुष्पों का भव्य श्रृंगार श्वेत प्रसाद श्वेता आभूषण जो कि वर्ष में मात्र इसी दिन किया जाता है। रात्रि 9:00 बजे से अखंड ज्योति एवं संगीतमय भजन का दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मंडल के सदस्यगण एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों का कार्यक्रम किया जाएगा। खाटूधाम के परंपरा के अनुसार विशेष भोग अर्पित किए जाएंगे जो की भक्तों के बीच रात्रि 12:15 बजे से वितरित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने सभी श्याम प्रेमियों को इस विशेष दिवस पर मंदिर आने का निमंत्रण दिया है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# डीएसपीएमयू में परीक्षा शुल्क जमा करने में परेशानी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष के प्रयास से मिली राहत

**रांची, संवाददाता ।**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पीजी सेमेस्टर-II (सत्र 2024-26) के छात्रों को परीक्षा शुल्क जमा करने में आ रही तकनीकी दिक्कतों से अब राहत मिल गई है. विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल में आई खराबी के कारण कई छात्र समय पर परीक्षा शुल्क जमा नहीं कर पा रहे थे. इस समस्या की जानकारी मिलने पर आदिवासी छात्र संघ के विश्वविद्यालय अध्यक्ष विवेक तिर्की ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर तुरंत समाधान की मांग की.

अध्यक्ष विवेक तिर्की ने बताया कि छात्रों की परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने तुरंत कदम उठाए हैं-

- परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाएगी.
- ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी समस्या को ठीक करने के लिए आईटी टीम को लगाया गया है.
- जिन छात्रों का शुल्क तकनीकी कारणों से जमा नहीं हो पाया है, वे पोर्टल का स्क्रीनशॉट (जहां समस्या दिख रही हो) और प्रथम सेमेस्टर
- परीक्षा नियंत्रक ने साफ किया है कि इन दोनों दस्तावेजों को लाना अनिवार्य होगा.
- इस पहल में आदिवासी छात्र संघ के सदस्यों दीनेश उरांव, राहुल उराव और रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव सहित कई छात्रों का सहयोग रहा.

# दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न, पुलिस-प्रशासन रही मुस्तैद

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड में इस वर्ष दुर्गा पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ. राज्य के किसी भी जिले से कोई अप्रिय या बड़ी घटना सामने नहीं आई, जिसका श्रेय झारखंड सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों और पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की मुस्तैदी को जाता है. झारखंड पुलिस मुख्यालय ने पूजा शुरू होने से काफी पहले ही सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए थे. इन निर्देशों में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने पर विशेष बल दिया गया था. पुलिस अधिकारियों ने इन दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन किया और पूजा पंडालों से लेकर विसर्जन घाटों तक कड़ी चौकसी बनाए रखी.



**क्या-क्या व्यवस्थाएं की गई**

- पूजा पंडालों और प्रमुख जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए.
- सीसीटीवी से लगातार निगरानी रखी गई, ताकि कोई गड़बड़ी न हो.
- सभी पंडालों में बिजली, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था की गई.
- भीड़ नियंत्रण के लिए भी खास तैयारी की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में परेशानी न हो.
- ट्रैफिक व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान रखा गया.
- मूर्ति विसर्जन के वक्त भी पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात रहे. विसर्जन प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई.
- पूजा स्थलों और आसपास के इलाकों में सफाई अभियान चलाया गया.

**सफल रही पुलिस की रणनीति, कड़ी निगरानी व समन्वय**

झारखंड के सभी जिलों में पूजा के दौरान सभी प्रमुख स्थानों, संवेदनशील इलाकों और विसर्जन मार्गों पर सशक्त पुलिस गश्त की व्यवस्था की गई थी. पुलिस ने इंटेलिजेंस इनपुट पर आधारित कार्रवाई की और समय रहते कई असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनपर नजर रखी. इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला, जिससे आपातकालीन स्थितियों से निपटने में आसानी हुई. शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक प्रबंधन की प्रभावी योजना लागू की गई, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में अधिक परेशानी नहीं हुई. राज्य सरकार के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन की सक्रियता से दुगार्पूजा भक्तिमय, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ.

# जीएसटी ब्रांडिंग पर सियासत, बीजेपी के होर्डिंग्स पर जेएमएम-कांग्रेस हमलावर !

**रांची, संवाददाता ।**

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी में कमी किए जाने के बाद अब इसकी ब्रांडिंग शुरू हो गई है. प्रदेश भाजपा द्वारा इन दिनों त्योहार के मौके पर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं. पीएम मोदी की तस्वीर के साथ लगाए गए इस होर्डिंग्स का असर जनता पर कितना पड़ रहा है वह तो बाद की बात है मगर इसको लेकर सियासत जरूर शुरू हो गई है. बीजेपी विरोधी राजनीतिक दल भाजपा पर ब्रांडिंग करने का आरोप लगा रहे हैं. झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि जीएसटी की दर कम होने से जनता को कोई लाभ नहीं मिला है. जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जिस कपड़ा के दामों में कमी होने का दावा किया गया है उसकी हकीकत यह है कि कपड़ा जिस सूत से बनता है उसे 18% जीएसटी दर में रखा गया है आखिर कैसे आम जनता को सामानों के दाम में रियायत मिलेगी. उन्होंने कहा कि 55 लाख करोड़ लूटने वाले किस मुंह से ब्रांडिंग कर रहे हैं यह जनता भली भांति जानती है.




कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए जीएसटी का ब्रांडिंग करने का आरोप लगाया है.कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस चीज की ब्रांडिंग करती है जिस चीज से देश की जनता को नुकसान हो. उन्होंने कहा कि नुकसान की ब्रांडिंग करने में भारतीय जनता पार्टी माहिर है. भाजपा से सवाल पूछते हुए राकेश सिन्हा ने कहा कि जिस कपड़े पर अपने जीएसटी की दर कम की है वह कपड़ा जिस धागे से बनती है उसे पर जीएसटी की दर 18% रख दिया है आखिर कैसे कपड़ा का दाम कम होगा. उन्होंने भाजपा पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह का इवेंट करने के पीछे भी यही वजह है मगर जनता सब कुछ जानती है इसका प्रभाव कुछ भी नहीं पड़ेगा.

**'जिनको विज्ञापन आंखों में चुभता हो उधर ना देखें'**

जीएसटी को लेकर जारी घमासान के बीच विपक्ष का आलोचना का सामना कर रही भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जिनको विज्ञापन आंखों में सुहाता हो वह उधर ना देखें. जनता देख रही है कि मोदी सरकार क्या कर रही है. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिंह ने विरोधियों को जवाब देते हुए कहा है कि राजनीतिक विरोधी होने की वजह से मोदी सरकार का हर काम का विरोध करना उनका उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि जनता के लिए सरकार के द्वारा जो काम किए गए हैं उसका खुले मन से स्वागत भी करना चाहिए. बीजेपी नेता ने कहा कि विपक्ष को यह देखना चाहिए कि जीएसटी में बदलाव के बाद त्योहार के इस सीजन में भारतीय बाजार में किस तरह से व्यापार बढा है. उन्होंने कहा कि एक तरफ वैश्विक ताकते किस तरह से भारत को कमजोर करने की कोशिश करने में जुटी है ऐसे में अपने घरेलू उद्योग को मजबूत करने के लिए नेताओं को खुले मन से इसका स्वागत करना चाहिए. बहरहाल नवरात्र से शुरू हुआ जीएसटी में बदलाव का असर धीरे धीरे बाजार पर दिखने लगा है. आम उपभोक्ता वस्तुओं में हालांकि कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है जबकि अन्य सामान के दाम में कमी होता दिख रहा है. ऐसे में बीजेपी जनता को मिलनेवाले इस लाभ को इन दिनों पीएम मोदी की तस्वीर के साथ ब्रांडिंग करने में जुटी है जिससे इसका राजनीतिक लाभ लिया जा सके.

# जेसीईआरटी में आयोजित हुई राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता

**रांची, संवाददाता ।**

कला समेकित शैक्षणिक विधियों पर आधारित राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता 2025 का आयोजन शनिवार को जेसीईआरटी, रातू रांची में किया गया. इस प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिलों से चयनित 48 शिक्षकों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप ऐसी शिक्षण पद्धति से जोड़ना है, जिससे वे कला समेकित शिक्षण विधियों का प्रयोग कर कठिन विषयों को भी विद्यार्थियों के लिए सरल बना सकें. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रासासी पदाधिकारी सच्चिदानंद दिवेंदु तिग्गा, जेसीईआरटी के उपनिदेशक बांके बिहारी सिंह, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि श्री तिग्गा ने अपने संबोधन में शिक्षकों को शिक्षा के सतत विकास और नवीन शिक्षण विधियों पर अपने अनुभव साझा किए. वहीं, विशिष्ट अतिथि बांके बिहारी सिंह ने समृद्धि कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षा में स्थायी बदलाव लाने में मददगार साबित होगा. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेन ने बताया कि समृद्धि कार्यक्रम पिछले वर्ष शुरू किया गया था, जो कला उत्सव का हिस्सा है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष दो शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया था और इस वर्ष के विजेता भी राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे.



# रांची में तैयार हो रहे गोबर के दीये, कुम्हार परंपरा पर संकट

**रांची, संवाददाता ।**

दीपोत्सव का पर्व 20 अक्तूबर को मनाया जाएगा. लेकिन इस बार कुछ खास होने वाला है. अब घर-आंगन में मिट्टी से बना टेराकोटा दीया ही नहीं, बल्कि गोबर से बने दीयों की रोशनी से भी सजाई जाएगी. रांची के सुकुरहुटू और बोड़ेया गांवों में इस समय दिन-रात गोबर से दीये मशीन से बनाई जा रही है. दीपावली तक कारीगरों ने दो लाख दीये बनाने का लक्ष्य रखा है.



**बाजार में उतारे जाएंगें 10-12 तरह के दीये**

इस बार दीयों की नई-नई किस्में बाजार में उतारी जाएगी. जिसमें कुम्हारों के चाक से मिट्टी से बने टेराकोटा दीया झ100 रूपया सैकड़ा, फार्मा दीया 500 रुपए सैकड़ा, 5 रुपए प्रति पीस, चाक वाला दीया 150 सैकड़ा, कलर फैंसी दीया 10 रुपए प्रति पीस मिलेंगे. खरीदारों के पास इस बार दीयों का कलेक्शन और भी रंगीन होगा.

**मिट्टी और जगह की कमी से बदल रहा दीये बनाने की परंपरा**

कुम्हारों ने बताया कि अब मिट्टी आसानी से नहीं मिलती है. शहर होने के कारण जगह की भी दिक्कत हो रही है. धुआं-प्रदूषण के कारण पारंपरिक चाक की कला अब धीरे-धीरे खत्म हो रही है. सतीष प्रजापति बताते हैं, आज हालात यह है कि रांची में पारंपरिक चाक से बनने वाले दीये सिर्फ 1 प्रतिशत ही बचे हैं. आने वाली पीढ़ी शायद इस कला को देख भी न पाए.

**बाहर से मंगवाने पड़ रहे मिट्टी के दीये**

शहर में मिट्टी, कोयला, लकड़ी नहीं मिल रही है. दीये बनाने की कमी होने के कारण अब चाक के स्थान पर मशीन से दीये तैयार हो रही है.अब तो शहर में दीये बेचने के लिए ठाकुर गांव, नगड़ी, बोड़ेया, हरदाग, बलसगरा, पलामू और बंगाल से दीये मंगानी पड़ती है.

**बारिश ने बढ़ाई कुम्हारों की परेशानी**

दुर्गा पूजा में मूर्तिकारों और पंडाल कारीगरों को बारिश ने मुश्किल खड़े कर दिए है. अब कुम्हारों के लिए बारिश मुसीबत बन रहे है. इसकी वजह से कुम्हारों को दीये बनाने में मुश्किल हो रही है. 20 अक्तूबर को दीपोत्सव मनाए जायेंगे. लेकिन बारिश के कारण कुम्हारों के हाथों से बने दीये को सुखाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. दीया घर में तो बनाया जा सकता है, लेकिन सुखाने में सबसे बड़ी दिक्कत आती है. बारिश या नमी से कई दीये फट जाते हैं.

**50-70 रुपये महंगे होंगे मिट्टी के दीये**

पिछले साल दीये 100-120 रुपये सैकड़ा बिके थे. इस बार लागत और मेहनत बढ़ने से कीमत 150-200 रुपये सैकड़ा तक पहुंच सकती है. यानी बाजार में दीयों का कारोबार इस बार करोड़ों रुपये का होने की संभावना है. एक ओर गोबर और मशीन से बने दीये बाजार में नई चमक लाएंगे, वहीं दूसरी ओर कुम्हारों की सदियों पुरानी परंपरा धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है.

# रांची में मूर्ती विसर्जन के साथ नगर निगम ने शुरू की तालाबों की सफाई



**रांची, संवाददाता ।**

रांची नगर निगम क्षेत्र के सभी पूजा समितियों द्वारा मूर्तीओ का विसर्जन पारंपरिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा के साथ किया गया. शहर के विभिन्न क्षेत्रों -जैसे कि कुंतल झील, बड़ा तालाब, हटिया तालाब, कांके डैम, हरमू नदी, ओरमांझी और धुर्वा डैम -में प्रतिमा विसर्जन का कार्य शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. नगर निगम की ओर से सुरक्षा, साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे. प्रशासक महोदय के निदेर्शानुसार निगम की स्वच्छता शाखा की टीम प्रतिमा विसर्जन के 24 घंटे के भीतर ही सभी जलाशयों में तैनात रही. निगम कर्मियों ने पूरी तत्परता से सफाई अभियान चलाते हुए प्रतिमाओं के अवशेष, फूल-माला, कपड़े, लकड़ी, बांस, और अन्य पूजा सामग्री को जलाशयों से निकालकर सुरक्षित तरीके से निस्तारित किया. इस अभियान में बड़ी संख्या में सफाईकर्मी, सुपरवाइजर और जोनल अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई. नगर निगम ने यह भी सुनिश्चित किया कि किसी भी जलाशय में प्रदूषण न फैले और विसर्जन के बाद स्थानों की स्वच्छता तुरंत बहाल की जाए.

# कुड़मियों की असंवैधानिक एसटी मांग के खिलाफ 17 को आदिवासी हुंकार रैली

**रांची, संवाददाता ।**

कुड़मी समाज की अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूचीबद्ध करने की मांग के खिलाफ आदिवासी समाज अब निर्णायक लड़ाई के मूड में है. इसी कड़ी में आदिवासी बचाओ समिति के बैनर तले 33 जनजातीय समुदाय 17 अक्तूबर को प्रभात तारा मैदान में आदिवासी हुंकार रैली बुलाई है. शनिवार को सिरमटोली सरना स्थल में विभिन्न आदिवासी संगठनो की बैठक में यह निर्णय लिया गया है. इसमें पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, लक्ष्मी नारायण मुंडा, जगलाल पाहन, टीएससी सदस्य नारायण उरांव, बबलु मुंडा, देवकुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, निरंजना हेरेंज,कुंदरसी मुंडा,आकाश तिर्की, राहुल तिर्की, डबलु मुंडा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे.



**आदिवासी हुंकार रैली आदिवासियों की अस्मिता की लड़ाई - गीताश्री उरांव**

17 अक्तूबर को होने वाली आदिवासी हुंकार रैली आदिवासी समाज लाखों की संख्या में शामिल होंगे. यह सामाजिक आंदोलन की निर्णायक लड़ाई है. यह सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश में आदिवासियों की अस्मिता की लड़ाई है. जनांदोलन में जनता तैयार है. रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तक का आदिवासी समाज का वालंटियर तैनात की जाएगी.

**कुड़मी कभी आदिवासी नहीं थे- प्रेमशाही मुंडा**

प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि कुड़मी एसटी की असंवैधानिक मांग का आदिवासी समाज मुखर होकर विरोध दर्ज करा रहे हैं. इसकी ऐतिहासिक भूमि नहीं है. जबरन मुख्यमंत्री बनने के लिए एसटी मांग रहा है. कुड़मी समाज की मंशा केवल सत्ता पर काबिज होना है. कुड़मी समाज न तो पेसा कानून का समर्थन करता है, न ही आदिवासी परंपरा का हिस्सा है. वे किसी भी दृष्टिकोण से आदिवासी की परिभाषा में फिट नहीं बैठते है.

**स्वतंत्रता आंदोलन के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई में कुड़मी कही नहीं - लक्ष्मी नारायण मुंडा**

सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि लोकुर कमिटी, टीआरआई और एंथ्रोपोलॉजिस्ट की रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कुड़मी आदिवासी नहीं हैं.

# पारस हॉस्पिटल एचईसी में 70 वर्षीय महिला के पेट से निकाला गया सात किलो का ट्यूमर

**रांची, संवाददाता ।**

पारस एचईसी हॉस्पिटल, एचईसी ने एक बड़ी चिकित्सीय उपलब्धि हासिल की है। यहां 70 वर्षीय महिला के पेट से सात किलो का विशाल ओवेरियन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उन्हें नया जीवन दिया गया। जमशेदपुर के पास स्थित एक सुदूर ग्रामीण इलाके से आई यह महिला लगातार पेट में सूजन और भूख कम लगने की समस्या से परेशान थी। पारस हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद उनकी विस्तृत जांच की गई। हॉस्पिटल के कैंसर सर्जरी विभाग के डॉ अभिनव शेखर के नेतृत्व में किए गए सीटी स्कैन में पता चला कि महिला के पेट में बड़ा ओवेरियन ट्यूमर है। इसके बाद एक जटिल शल्यक्रिया (सर्जरी) की गई, जिसमें सात किलो का ट्यूमर सुरक्षित रूप से निकाल दिया गया। सर्जरी के बाद महिला ने तेजी से स्वास्थ्य लाभ किया और चौथे दिन ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई। वर्तमान में वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, सामान्य भोजन ले रही हैं और अपने रोजमर्रा के काम स्वयं कर पा रही हैं। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल, एचईसी में उपलब्ध उन्नत सर्जिकल तकनीक और समग्र कैंसर इलाज की सुविधाएं राज्य के सबसे दूरस्थ इलाकों के मरीजों तक भी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पहुंचा रही हैं। एक ही छत के नीचे कैंसर से संबंधित सभी प्रकार का इलाज हो रहा है।



# सिनेमाघरों में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को दिखाया जाए - कलाकार समिति

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड कलाकार आंदोलन संघर्ष समिति ने झारखंड सरकार को कड़ी चेतावनी दी है. 15 दिनों के भीतर राज्य की फिल्म नीति में संशोधन नहीं किया गया तो कलाकारों ने आंदोलन करने का निर्णय लिया है. समिति के लोगों ने कहा कि झारखंड में क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को सभी सिनेमा घरों में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने का प्रावधान किया जाना चाहिए. सरकार झारखंड के कलाकारों के लिए इस मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाती है तो कलाकार सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लेगी. झारखंड फिल्म विकास निगम का घेराव कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा. बैठक में वक्ताओं ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय फिल्मों का प्रचार-प्रसार जरूरी है. लेकिन मौजूदा फिल्म नीति में प्रावधान न होने के कारण झारखंडी फिल्मों को मंच नहीं मिल पा रहा है.



# एक्शन में झारखंड की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, औचक निरीक्षण करने पहुंचीं नेपाल हाउस, शोकॉज का निर्देश

संवाददाता । रांची

रांची : झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की आज शुक्रवार को एक्शन में दिखीं. नेपाल हाउस का औचक निरीक्षण कर उन्होंने ऑफिस में अनुपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों की लिस्ट तैयार कर शोकॉज करने का निर्देश दिया है. बायोमैट्रिक डाटा कलेक्ट कर लिस्ट तैयार की जा रही है. इसके बाद शोकॉज किया जाएगा. उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं

रांची-झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया. औचक निरीक्षण की भनक लगते ही नेपाल हाउस के विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के दफ्तरों में सभी कोषांगों का निरीक्षण किया. इस दौरान कई कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित थे. इन्हें शोकॉज किया जाएगा. मंत्री ने कर्मचारियों और अधिकारियों को कार्यसंस्कृति में सुधार लाने का निर्देश दिया.झारखंड की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने औचक निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी ली. मंत्री ने जब अनुपस्थिति को लेकर पूछताछ की तो कई पदाधिकारी अपने सहयोगियों को लेकर बहाने बनाते नजर आए.



कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते-भागते दफ्तर पहुंचे. बायोमैट्रिक में आज की अनुपस्थिति से संबंधित डाटा संग्रह किया गया है. कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है. इसके आधार पर अनुपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को शोकॉज जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.को गति देने के लिए कार्यसंस्कृति में सुधार जरूरी है.मंत्री का कर्मचारियों और पदाधिकारियों को निर्देशनिरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कार्यस्थल पर कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे. समय का पाबंद और अनुशासित होना बेहतर कार्यसंस्कृति के लिए जरूरी है. कार्यसंस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी.

## देर से आनेवालों को होगा शोकॉज

झारखंड की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने औचक निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी ली. मंत्री ने जब अनुपस्थिति को लेकर पूछताछ की तो कई पदाधिकारी अपने सहयोगियों को लेकर बहाने बनाते नजर आए. कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते-भागते दफ्तर पहुंचे. बायोमैट्रिक में आज की अनुपस्थिति से संबंधित डाटा संग्रह किया गया है. कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है. इसके आधार पर अनुपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को शोकॉज जारी करने की

# राज्य स्तरीय समृद्धि 2025 प्रतियोगिता का आयोजन
## 24 जिलों के 48 शिक्षकों ने प्रतिभाओं का किया प्रदर्शन

संवाददाता । रांची

शिक्षकों द्वारा कला समेकित शैक्षिक विधियां आधारित राज्य के सभी 24 जिलों के दो दो चयनित शिक्षकों के लिए आज दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को जेसीईआरटी रातू रांची में एकदिवसीय राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के 24 जिलों के 48 शिक्षकों ने भाग लिया। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षकों के पठन पाठन प्रकिया मैं कैसे शिक्षण शास्त्र को सम्मिलित कर विभिन्न समेकित कला शैक्षिक विद्या का प्रयोग करते हुए किसी भी कठिन से कठिन सवाल और विषय को सरलता से हल कर सके इस उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज के इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न शिक्षकों के द्वारा विभिन्न विषयों विज्ञान, गणित, समाजशास्त्र ,हिंदी भूगोल आदि विषयों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई और शिक्षा के सभी आयामों को दशार्या गया जिससे उनके उल्लेखनीय प्रतिभा क



प्रदर्शित करती है ।इस कार्यक्रम का विधिवत्त उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रासासी पदाधिकारी श्री सच्चिदानंद दिवेंदु तिग्गा, उपनिदेशक जेसीआरटी, बांके बिहारी सिंह, राज्य कार्यक्रम पर अधिकारी पदाधिकारी श्री धीरसेन ए सोरेंग, समन्वयक समृद्धि चंद्रदेव सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया ।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सच्चिदानंद दिवेंदु तिग्गा ने शिक्षकों को शिक्षा के स्थाई विकास के बारे में अपने अनुभव साझा किया और कई सकारात्मक उदाहरण देकर समृद्धि कार्यक्रम के उद्देश्य से उन्हें प्रबोध किया।।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बांके बिहारी सिंह ने भी अपनी अनुभव को साझा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में स्थाई बदलाव हेतु समृद्धि कार्यक्रम काफी उपयोगी है और इसकी काफी प्रशंसा की।

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए सोरेन ने समृद्धि कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताएं यह कार्यक्रम पिछले वर्ष से प्रारंभ की गई है जो कला उत्सव की एक भाग है यह कार्यक्रम है पिछले वर्ष भी हमारे दो शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिए थे और इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के भी जो विजेता होंगे वह राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे कार्यक्रम का संचालन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा संघके चंद्रदेव के द्वारा किया गया ।निर्णायक मंडली की भूमिका में मोहम्मद सैफुल्लाह आमिर, मणिलाल।सौ साव ,मिथिलेश कुमार, चिरंजीत नाथ एवं मनीषा धवन ने अपनी अहम भूमिका निभाई

# आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रभारी शिव चरण गोयल ने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से की मुलाकात



संवाददाता । रांची

रांची। नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रभारी शिव चरण गोयल ने आज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की ।मुलाकात के दौरान श्री गोयल ने झारखंड की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और प्रदेश में पार्टी द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने झारखंड में आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे, सदस्यता अभियान, तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की ।राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल ने झारखंड की राजनीति के हालात और जनता की अपेक्षाओं पर जानकारी ली तथा प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा जताया कि झारखंड में आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी और स्वच्छ राजनीति की नई राह दिखाएगी ।यह मुलाकात झारखंड में पार्टी के लिए आने वाले समय में महत्वपूर्ण रणनीतिक बदलाव और जनसंपर्क कार्यक्रमों की दिशा तय करने वाली साबित हो सकती है। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा के द्वारा दिया गया।

# कुड़मी/कुरमी को एसटी बनाने के विरोध में 17 अक्टूबर को ओंकार महारैली को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस



● आदिवासियों के हक और अधिकार को छिनना चाहते हैं कुड़मी : प्रेमशाही मुंडा

संवाददाता । रांची

रांची:रांची: कुड़मी/ कुरमी जाति के अनुसूचित जनजाति एसटी बनने की मांग के विरोध में आगामी 17 अक्टूबर 2025 को आदिवासी हुंकार महारैली की तैयारी को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए आदिवासी समुदाय के लोगों विभिन्न आदिवासी संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक सिरोमटोली रांची में संपन्न हुई। इस महारैली में कुड़मी/कुरमी/महतो जाति के लोगों द्वारा अनुचित तरीके एसटी बनने की मांग और आंदोलन का जोरदार विरोध करने के लिए सभी जिलों में अभियान चलाकर आदिवासी समुदाय को उतारने के लिए रणनीति और योजना बनाई गई ।इस बैठक में कहा कुड़मी/ कुरमी/ महतो जाति के लोगों द्वारा यह मांग मूल आदिवासियों के संवैधानिक हक-अधिकारों राजनीतिक प्रतिनिधित्व - हिस्सेदारी आरक्षण ,नौकरी,जमीन और गौरवशाली संघर्षशील आदिवासी विद्रोह के इतिहास पर कब्जा करके मूल आदिवासियों को हाशिए में धकेलने की साज़िश है। ये मांगें आदिवासियों की पहचान,अस्तित्व संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। इस बैठक में राज्य भर के सभी पारंपरिक अगुआ आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से अपील किया गया कि आदिवासी समाज द्वारा आयोजित आदिवासी हुंकार महारैली में शामिल होकर आदिवासी एकता को मजबूत करें। इस बैठक में गीताश्री उरांव, लक्ष्मीनारायण मुंडा, देवकुमार धान,प्रेमशाही मुंडा, टीएसी सदस्य नारायण उरांव,बबलू मुंडा, श्याम सुन्दर करमाली,डब्लू मुंडा,चंपा कुजूर,आकाश तिर्की, रविन्द्र भगत, राहुल तिर्की,संदीप तिर्की, प्रकाश मुंडा, ब्रजकिशोर बेदिया,कुंदरसी मुंडा, निरंजना हेरेंज टोप्पो सहित दर्जनों प्रमुख कार्यकताओं ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता गीताश्री उरांव ने किया तथा संचालन प्रेमशाही मुंडा ने किया।

## मरांडी जी की राजनीति केवल आरोप पत्र बनकर रह गई है,
# भाजपा साम्प्रदायिकता का जहर घोलने का साजिश रच रही : विनोद पांडेय

संवाददाता । रांची

रांची :झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मरांडी जी हर बार झूठ, अफवाह और सांप्रदायिक जहर फैलाकर राजनीति में प्रासंगिक बने रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन झारखंड की जनता उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है ।उन्होंने कहा कि जिस भाजपा के शासनकाल में राज्य लूट-खसोट, घोटालों और बेरोजगारी का अड्डा बन गया था, आज वही भाजपा लोकप्रिय हेमंत सरकार को नैतिकता और ईमानदारी का पाठ पढ़ा रही है। यह वैसा ही है जैसे ह्नचोर उचक्कों का गिरोह चौकीदारी की बात करे ।धार्मिक मामलों में जहर घोलने की भाजपा की साजिश :प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि गुमला की घटना को भाजपा नेता जानबूझकर सांप्रदायिक रंग देकर माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। भाजपा



का इतिहास ही यही रहा है—जहाँ शांति हो, वहाँ नफरत बो देना। राज्य सरकार हर मामले में कानून सम्मत कार्रवाई कर रही है। लेकिन भाजपा चाहती है कि उसके शासन के समय की तरह झारखंड की धरती हमेशा तनाव और नफरत में झुलसती रहे ताकि उन्हें राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका मिले ।भ्रष्टाचार पर सबसे बड़ा आरोपी भाजपा :उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी भ्रष्टाचार पर सवाल उठाते हैं, लेकिन भाजपा का चेहरा ही भ्रष्टाचार का पर्याय है। कोयला से जमीन घोटाले तक, फर्जी नियुक्तियों से लेकर परीक्षा लीक तक—झारखंड को सबसे ज्यादा कलंक भाजपा ने ही दिया। मरांडी जी भूल रहे हैं कि उनके कार्यकाल में पुलिस और प्रशासन भाजपा नेताओं के पिछलग्गू बन चुके थे ।युवाओं और बच्चों की चिंता का ढोंग :प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता आज बच्चों और युवाओं की दुहाई देते हैं, जबकि हकीकत यह है कि भाजपा ने अपने शासन में झारखंड के युवाओं को सिर्फ बेरोजगारी, पलायन और भूखमरी दी। आज हेमंत सरकार स्कॉलरशिप, रोजगार, भर्ती प्रक्रिया और शिक्षा-स्वास्थ्य पर लगातार ठोस कदम उठा रही है। भाजपा को यह देखना पच नहीं रहा है कि राज्य के युवा अब आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं।

मरांडी की राजनीति सिर्फ नकारात्मकता

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की राजनीति अब ह्नआरोप पत्रह्व से ज्यादा कुछ नहीं रह गई है। न उनके पास विकास का एजेंडा है, न जनता के लिए कोई योजना।

# माननीय महामहिम एवं झारखंड सरकार झारखंड के थैलेसीमिया/सिकल सेल एवं अप्लास्टिक एनीमिया के लिए नीति बनाएं:झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन

संवाददाता । रांची

रांची। झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के तहत झारखंड भर के नजदीक के जिलों के थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों/परिजनों का झारखंड राज्यस्तरीय न्याय/जनजागरुकता मार्च जयपाल सिंह मुंडा पार्क से झारखंड के राजभवन,रांची में रिमझिम बारिश में भी संपन्न हुआ।

जिसमें रांची,खूंटी,लोहरदगा,रामगढ़, गुमला, हजारीबाग,लातेहार,पलामू,बोकारो के पीड़ित एवं परिजन शामिल हुए ।थैलेसीमिया न्याय मार्च का नेतृत्व थैलेसीमिया पीड़ित छात्रा सोनम कुमारी,साकची सिंह,प्रतिज्ञा कुमारी ने किया ।थैलेसीमिया जनजागरुकता एवं न्याय मार्च में राज्य भर से आए हुए पीड़ितों एवं परिजनों की नीतिगत/तार्किक/व्यवहारिक/मानवीय मांगें तख्तियां पर लिखी हुई थी जिसे लेकर कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण मार्च




किया ।थैलेसीमिया जनजागरुकता एवं न्याय मार्च की मांगों तख्तियों पर लिखी हुई थी,जिसमें माननीय महामहिम राजपाल महोदय एवं झारखंड सरकार थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों/परिजनों के लिए अविलंब नीति बनाएं ।₹झारखंड में रक्तदान-महादान के जनजागरुकता पर विशेष अभियान चलाएं₹झारखंड सरकार थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों के लिए राज्यभर में बिन डोनर एवं बिन प्रोसेसिंग चार्ज के सरकारी सहित निजी ब्लड बैंक से ब्लड मिलना व्यवहारिक रूप से सुनिश्चित होझारखंड भर में थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों की लगातार संख्या बढ़ रही है जिसपर सर्वे किया जाए ।झारखंड भर हम रक्तदान संगठनों/आयोजकों अनुसार अनुमानित पीड़ितों की संख्या 11000 है,जिसपर ध्यानाकर्षण हो।

₹झारखंड सरकार थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित बच्चों को गोद लें और निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराएं₹भारत एवं झारखंड सरकार थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित भी स्थाई दिव्यांगता में आते है तो स्थाई भारतीय रेलवे पास निर्गत हो स्थाई दिव्यंजनों के तर्ज पर₹झारखंड में जनजागरुकता हेतूशादी से पहले वर-वधू की रक्त विकार बीमारियों की जांच अवश्य हो₹पूरे झारखंड में थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों के लिए सदर अस्पताल रांची में एक ही डॉक्टर ल्हीं३ङ्क'ड्ढं२३ ₹डॉ अभिषेक रंजन,रांची₹ और एक ही उपचार केंद्र ₹डे केयर₹ रांची,

# ब्रीफ न्यूज

## झारखंड आंदोलनकारी आजम अहमद के बड़े भाई का निधन

संवाददाता । रांची

रांची :रांची: झारखंड आंदोलनकारी नेता आजम अहमद के बड़े भाई अलाउद्दीन अंसारी का आज निधन हो गया। इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलाही राजी'उन। वह अपने घर पर असर नमाज के बाद सीने में दर्द की शिकायत पर अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल लाने के क्रम में उनका इंतकाल हो गया। ज्ञात होके अलाउद्दीन अंसारी कांग्रेस से जुड़े रहें और ज्ञान रंजन के समय में उनका कांग्रेस से गहरा रिश्ता रहा। वह अंजुमन इस्लामिया रांची के पूर्व महासचिव भी रहे और कई संस्था के सरपरस्त भी रहे हैं। वह अपने 6 भाइयों में बड़े थे। वह अपने पीछे दो बेटा आफताब आलम और महताब आलम समेत सात बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। आजम अहमद ने कहा के बड़े भाई के चले जाने से आज हम यतीम हो गए। उनकी सरपरस्ती हमेशा मेरे साथ रहती थीं। वह हमें नेक मशवरा दिया करते थे। सभी भाइयों को लेकर चलते थे। भाइयों में सरफराज अहमद, मोहम्मद इस्लाम, रोशन तस्लीम, आजम अहमद, मोहम्मद रिजवान, शामिल है। नोटः मिट्टी मंजिल का वक्त अभी तय नहीं हुआ है।

## पारस हॉस्पिटल एचईसी में 70 वर्षीय महिला के पेट से निकाला गया सात किलो का ट्यूमर



संवाददाता । रांची

रांची :रांचीः पारस एचईसी हॉस्पिटल, एचईसी ने एक बड़ी चिकित्सीय उपलब्धि हासिल की है। यहां 70 वर्षीय महिला के पेट से सात किलो का विशाल ओवेरियन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उन्हें नया जीवन दिया गया। जमशेदपुर के पास स्थित एक सुदूर ग्रामीण इलाके से आई यह महिला लगातार पेट में सूजन और भूख कम लगने की समस्या से परेशान थी। पारस हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद उनकी विस्तृत जांच की गई। हॉस्पिटल के कैंसर सर्जरी विभाग के डॉ अभिनव शेखर के नेतृत्व में किए गए सीटी स्कैन में पता चला कि महिला के पेट में बड़ा ओवेरियन ट्यूमर है। इसके बाद एक जटिल शल्यक्रिया ( सर्जरी ) की गई, जिसमें सात किलो का ट्यूमर सुरक्षित रूप से निकाल दिया गया। सर्जरी के बाद महिला ने तेजी से स्वास्थ्य लाभ किया और चौथे दिन ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई। वर्तमान में वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, सामान्य भोजन ले रही हैं और अपने रोजमर्रा के काम स्वयं कर पा रही हैं। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल, एचईसी में उपलब्ध उन्नत सर्जिकल तकनीक और समग्र कैंसर इलाज की सुविधाएं राज्य के सबसे दूरस्थ इलाकों के मरीजों तक भी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पहुंचा रही हैं। एक ही छत के नीचे कैंसर से संबंधित सभी प्रकार का इलाज हो रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट रांची में 30 नवंबर को भारत-साउथ अफ्रीका मुकाबला



संवाददाता । रांची

रांची रांची/तीन साल के लंबे इंतजार के बाद रांची के खरउअ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय वनडे मुकाबला होने जा रहा है. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 30 नवंबर 2025 को यहीं खेला जाएगा. इधर शुभमन गिल को वन डे टीम का नया कप्तान बनाया गया है।

## फैशन जंक्शन की शानदार शुरूआत



संवाददाता । रांची

रांचीरांची। नाजिर अली लेन स्थित फर्स्ट फ्लोर में फैशन जंक्शन कपड़े की दुकान का उद्घाटन जकी भाई ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि लेडीज जेंट्स और बच्चों के लिए कपड़े उपलब्ध है। हर ग्राहक को हमलोग पूरी तसल्ली के साथ सामान मुहैय्या कराएंगे। ग्राहक यहां से खुश होकर जाएगा और दूसरों को भी बताएगा। जकी भाई ने बताया कि हम यहां से होलसेल और रिटेल दोनों करेंगे। उसके लिए खुशखबरी है जो गुजरात और दिल्ली जाकर जीएसटी और ट्रांसपोर्ट का खर्चा उठाकर सामान लाते हैं उनको यहां बिना जीएसटी और ट्रांसपोर्ट के खर्च के बगैर ही मिल जाएगा। इस अवसर पर मसीह रब , गुड्डू भाई , अक्सा सानी मो आफताब आदि मुहल्ले के लोग मौजूद थे।

## इटकी में 49.50 लाख की लागत से बनेगा लैब टेस्टिंग यूनिट, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया शिलान्यास

इटकी में शनिवार को विकास योजनाओं का शिलान्यास राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की के करकमलों से विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर योजनाओं की औपचारिक शुरूआत की।

एनआरईपी-1 एजेंसी के माध्यम से संवेदक द्वारा कराए जाने वाले इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 49 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले ब्लॉक प्राइमरी हेल्थ यूनिट ( लैब टेस्टिंग यूनिट ) का शिलान्यास किया गया ।शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि –

## वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह की पुस्तक 'समय के साथ' का लोकार्पण

# कोई भी अखबार निरपेक्ष होकर विकास की दिशा तय नहीं कर सकता : सरयू राय

**जमशेदपुर, संवाददाता**



पश्चिमी विधायक सरयू राय, प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्रा, न्यू इस्पात मेल के संपादक ब्रजभूषण सिंह, ~~चमकता आईना के संपादक~~ जय प्रकाश राय, राजेंद्र विद्यालय के उपाध्यक्ष एसके सिंह और जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह की पुस्तक ह्यसमय के साथ का शुक्रवार लोकार्पण किया। इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता में विकासपरक रिपोर्टिंग का स्थान विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार की संध्या बिस्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में किया गया। संगोष्ठी में विधायक सरयू राय ने कहा कि 12 या 14 पन्नों के अखबारों में कोई न कोई पन्ना ऐसा होता है, जिसमें विकासपरक खबरें होती हैं। समस्या और समाधान से संबंधित खबरों को भी उन्होंने विकासपरक रिपोर्टिंग का ही हिस्सा मानते हुए बताया कि अगर हमें सूचना न मिले तो समस्या का समाधान और विकास कैसे हो।

उन्होंने कहा कि अखबार में हर पाठक वर्ग के लिए कुछ न कुछ होता है। अखबार या पत्रिका के हर पन्ने में विकासपरक रिपोर्टिंग खोजना ठीक नहीं। लेकिन आप जब अखबार को गौर से पढ़ेंगे तो आपको विकासपरक रिपोर्टिंग दिख जाएगी। यह खुशी की बात है कि जमशेदपुर के अखबारों में विकासपरक खबरों को तवज्जो दी जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि पहले के दौर की चीजें अलग थीं और अब के दौर की चीजें अलग हैं। पहले समाचार संकलन का तरीका अलग था। साथ ही पाठकों का खबरों को लेकर टेस्ट अलग था। तकनीकी अलग थी। अब सारी चीजें बदल गई हैं। जाहिर है, जब चीजें बदली हैं तो इसका असर विकासपरक रिपोर्टिंग पर भी पड़ा है। पहले की तुलना में यह ज्यादा निखर कर सामने आई है। उन्होंने कहा कि कोई भी अखबार निरपेक्ष होकर कहीं की भी विकास की दिशा तय नहीं कर सकता। हां, अखबार विकास की दिशा की समीक्षा कर सकता है। मीमांसा कर सकता है। उन्होंने अपने दौर की पत्रकारिता को याद करते हुए कहा कि उनसे बजट आदि पर लिखने के लिए टास्क दिया जाता था कि बजट कैसे बनता है। उसके तकनीकी पहलू क्या हैं, कैसे आम पाठक बजट में रुचि लें। वहीं संपादक संजय मिश्रा ने कहा कि भारत में हिंदी के अखबार सबसे ज्यादा विकासपरक खबरें चला रहे हैं। मोटे तौर पर भारतीय मीडिया में डेवलपमेंटल न्यूज का शेयर लगभग 65 प्रतिशत है। जाहिर है, इतनी ज्यादा विकासपरक दुनिया के किसी देश में नहीं छपतीं। इसी तरह संपादक चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि विकासपरक पत्रकारिता आज के वक्त की जरूरत है। लेकिन हमें देखना होगा कि यह उपक्रम काफी खचीर्ला है। जबकि संपादक जय प्रकाश राय ने कहा कि छोटे गांव-तहसीलों से विकासपरक खबरें आती हैं। लेकिन बड़े शहरों में इसका कई बार अभाव दिखता है। अब वक्त आ गया है कि सभी पत्रकारों को विकासपरक खबरों के लिए एकजुट होकर एक राय बनानी होगी। वहीं जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने आनंद सिंह को उनकी नई पुस्तक के लिए बधाई देते हुए इस बात का समर्थन किया कि विकासपरक पत्रकारिता हर मीडिया में होनी चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन चंद्रदीप पांडेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अशोक गोयल ने किया।

## पुत्र को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप, थाना में शिकायत

**धनबाद, संवाददाता**



बाघमारा की महिला माना प्रमाणिक ने बलियापुर के थाना प्रभारी को आवेदन देकर उनके नाबालिग पुत्र अजय प्रमाणिक को पश्चिम बंगाल स्थित दुगार्पुर की तनु बाद्दकर नामक महिला पर उनके पुत्र को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। दुगार्पुर की उक्त महिला शादीशुदा एवं एक बच्चे की मां बताई जाती है। माना प्रमाणिक द्वारा थाना प्रभारी को दिए आवेदन में कहा है कि दुगार्पुर की उक्त महिला ने उसे मोबाइल फोन से बार-बार तंग करके तथा झांसा देकर अपने पास दुगार्पुर बुला लिया। जब उनके नाबालिग पुत्र अजय ने घर के किसी व्यक्ति को कुछ कहे बिना चला गया तो उसी दिन शाम को अजय प्रमाणिक का पता लगाने लोग दुगार्पुर पहुंचे तो लोगों को तनु नामक उक्त महिला का घर बंद मिला। जिससे इन लोगों को तरह-तरह की शंकाएं होने लगी। लापता अजय के परिवार के लोगों का कहना है कि एक महीना पूर्व उक्त महिला ने अजय को बुलाकर दुगार्पुर में करीब एक महीना रखा था तब उनके परिजनों ने दुगार्पुर जाकर उसे घर पर लाया था। परिजनों का कहना है कि लापता अजय प्रमाणिक कैटरिंग का काम करता है। इसी दौरान दुगार्पुर की तनु नामक महिला से उनकी मुलाकात हुई। और उनके चंगुल में वह फंस गया। अजय की मां माना प्रमाणिक ने अपने इकलौते नाबालिक पुत्र अजय की बरामदगी हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग बलियापुर के थाना प्रभारी से किया है। पुलिस मामले की जांच पर जुट गई है।

## नावाडीह के बीआरपी-सीआरपी की बैठक में कई निर्देश

**बेरमो, संवाददाता**



बीआरसी नावाडीह में सीआरपी-बीआरपी की बैठक बीइओ कानन कुमार पात्रा की अध्यक्षता में हुई । बैठक में पठन-पाठन, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था सहित सावित्रीबाई फुले, ओलंपियाड, स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ बच्चे , इंस्पायर अवार्ड, इको क्लब नोटिफिकेशन, कल्याण पोर्टल, यू डायस प्लास में टीचर का प्रोफाइल, स्कूल प्रोफाइल एवं स्टूडेंट मोड्यूल, ई-विद्यावाहिनी में शिक्षक छात्र की उपस्थिति आदि की समीक्षा की । इस दौरान बीइओ ने सीआरपी-बीआरपी को निर्देश दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे तमाम योजनाओं को गंभीरता पूर्वक लें । नावाडीह प्रखंड को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करना है । बैठक के पहले शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन कुमार पात्रा को कर्मियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया और बंधाई दिया । मौके पर बीपीओ सोहेल अख्तर, बीआरपी लालचंद महतो, जयगोविंद साव,चमनलाल जोशी, सीआरपी दिलीप महतो, विक्रय महथा, राजेश कुमार, रंजीत महतो, अशोक सिंह, विनोद कुमार ,एमडीएम कर्मि गौतम कुमार सहित ग्यारह संकुल के सभी संकुल साधन सेवि उपस्थित थे ।

## हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण तरीके से मना विजयादशमी, बाजे गाजे के साथ दिया गया माता रानी को बिदाई

**पलामू, संवाददाता**



शारदिय नवरात्र के समापन के बाद पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में गुरुवार को विजयादशमी मनाया गया, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में कुछ एक्का दुक्का स्थान छोड़कर कर शहर के सभी पूजा पंडाल व ग्रामीण क्षेत्रों की मूर्ति जपला सोन नदी में देर रात्रि तक विसर्जन किया गया ।शहरी क्षेत्र में सभी मूर्ति विसर्जन का नेतृत्व गांव लंगर कोट महावीर जी स्थान एवं कुरमी टोला ने किया कार्यक्रम की सुरूआत महावीर जी स्थान से हजारों भक्तों ने गाजे बाजे ढोल नगाड़ा के साथ निकला जो अम्बेडकर चौक होते हुए पटेल चौक पंहुचा जँहा से कुरमीटोला के साथ मिल कर मधुशाला रोड गाँधी चौक, लम्बी गली, से चार धाम नहर मोड़, मोहम्दाबाद, गम्हरिया, लँगरकोट, जपला स्टेशन युवा बाल संघ, दुर्गा बड़ी बंग पूजा समिति आदि स्थानों के मूर्तियों संयुक्त रूप भ्रमण करते हुए जपला सोन नदी में बिसर्जन के लिए ले जाया गया इस दौरान जुलूस में जपला शहर में आम लोगो ने कई स्थानों पर जलपान आदि का व्यवस्था किया था जिससे जुलूस में आये लोग जलपान किया, जगह जगह पर लोगों माता रानी के आरती व महाप्रसाद भी बितरण किया,लोगों ने सोन नदी दूर है जाना जरूर आदि नरा लगया वही डीजे व अन्य बजा के माध्यम से भक्ति भजन गीतों धुनपर नाचते गाते लोगो ने जपला के शहर सब्जी बाजार मुख्य बाजार होते हुए जपला सोन नदी के लिए निकल गए और जँहा पर अनुमण्डल प्रशासन ने लाईट की व्यवस्था की थी सभी मूर्तियों को सोन नदी में विसर्जन किया गया, जँहा पर लोगो ने नम आंखों से माता रानी को बिदाई दिया और कहा कि माँ अगले वर्ष तू फिर आना। दुर्गा पूजा की जुलूस में शहर में भारी भीड़ देखी गयी,अलग अलग पूजा पंडालों से हजारों हजार की संख्या में भक्त गन माता रानी के बिदाई व विसर्जन जुलूस में ग्रामीण व शहर से जुटे थे,वही अनुमण्डल पदाधिकारी ने सभी प्रमुख व संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट डंडाधिकारी की नियुक्त किया था वही अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी ने पर्याप्त मात्रा में पुरुष व महिला बल के जवानों को सुरक्षा में लगया था वंही अनुमण्डल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता,एलआरडीसी गौरांग महतो,एवं एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, अंचल पुलिस निरीक्षक विनोद राम, अंचल थाना पुलिस निरीक्षक सोनू कुमार चौधरी ने स्वेम जुलूस में घूम घूम कर हर गति विधि पर नजर बनाए हुए थे। वही अंचलाधिकारी पंकज कुमार व बीडीओ सुनील वर्मा, देवरी ओपी प्रभारी, बबलू कुमार सोन नदी में तैनात थे मौके पर महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, पुअनि मुकेश कुमार, सौरभ कुमार चौबे, श्रीनिवास शर्मा, कालिका राम, धर्मेंद्र कुमार, रवि शंकर कुमार, अजित सिंह, आदि कई पुलिस अधिकारी जुलूस में निगरानी करते दिखे। शहर के गणमान्यजन हुए जुलूस में शामिल दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस में, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशी कुमार,पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, आरएसएस के जिला संघचालक दिनेश कश्यप लंगर कोट के सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता दिनेश्वर चौधरी प्रमोद कुमार चौधरी गोपाल पटेल शंभू चौधरी सुरज पासवान रामवृक्ष सिंह सोनू कुमार चौधरी बब्लू पटेल अरविंद कुमार शर्मा राहुल कुमार ठाकुर भरदुल ठाकुर अजित ठाकुर आदि थे।

## उपायुक्त ने किया पेटरवार-ओरदाना मनरेगा पार्क एवं आम बागवानी का निरीक्षण

**बोकारो, संवाददाता**



उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को पेटरवार प्रखंड के ओरदाना स्थित मनरेगा पार्क और आम बागवानी परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाले आमों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए। इसके लिए बड़े बायर्स के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने महिला स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों को केवल आम ही नहीं, बल्कि पपीता, कटहल और अमरूद जैसी फसलों की बागवानी करने की सलाह दी। उन्होंने अमृत सरोवर के माध्यम से सोलर लिफ्ट इरीगेशन सुनिश्चित करने और एप्रोच पथ को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा योजनाएं हरित विकास और ग्रामीण रोजगार सृजन का प्रभावी माध्यम बन रही हैं, जिससे जिले में आत्मनिर्भरता को बल मिल रहा है।

## लातेहार में जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव का दौरा

**लातेहार, संवाददाता**



भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय संयुक्त सचिव बृज नन्दन प्रसाद ने आज लातेहार का दौरा किया, इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने पौधा देकर उनका स्वागत किया, जिसके पश्चात उपायुक्त के द्वारा माननीय संयुक्त सचिव को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने परिसदन में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव बृज नन्दन प्रसाद के द्वारा लातेहार जिले का दौरा किया गया अपने दौरे के क्रम में उन्होंने जिले में चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति का अवलोकन किया और कई विकासात्मक स्थलों का मैदानी निरीक्षण किया, संयुक्त सचिव ने अभियान के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे–विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन, ग्राम विजन प्लान 2030 की स्वीकृति, जनजातीय समुदाय की आजीविका संवर्द्धन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी पहल की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनके विचार, सुझाव और आवश्यकताओं को सुना, उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है, जिसके तहत ग्राम स्तर पर लोगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, सचिव ने जिले में चलाए जा रहे अभियान कार्य पर संतोष जताया।

## जीएनएम में खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण, बाघमारा विधायक सहित हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**धनबाद, संवाददाता**



शनिवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम मैदान कतरास के तत्वाधान में जीएनएम हाई स्कूल के प्रांगण में खिचड़ी महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जूटे। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो अपने दर्जनों समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे तथा अपने हाथों से खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया एवं सबों के साथ बैठकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण भी किया। समिति के सचिव मुकेश भट्ट ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी खिचड़ी महाभोग भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें कतरास के सभी लोगों ने न केवल बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बल्कि खिचड़ी का सामग्री देकर सहयोग भी किया। बताया कि कतरास बाजार, नीचे मोड, ऊपर मोड, गांधी चौक, भगत सिंह चौक, तेलिया बांध, श्यामडीह, भट्टमुरना, लाला टोला, तिलाटाँड़, राजागढ, डॉक्टर पाड़ा आदि क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु इस महाभंडारा में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। मौके पर डॉ स्वतंत्र कुमार, भाजपा नेता महेश पासवान, भाजपा कतरास मंडल अध्यक्ष सूर्य देव मिश्रा, पूजा समिति के संरक्षक विनय कुमार सिन्हा, सरोज कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष शंकर जायसवाल, कोषाध्यक्ष बबलू चौरसिया, दिलीप तारवे, विनोद रजक, पिंटू दे, राहुल रजक, वीर बहादुर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जीवन चक्र के लिए, वन्य प्राणियों की भूमिका अहम : डीएफओ प्रवेश अग्रवाल

**लातेहार, संवाददाता**



वन्य जीव प्रभाग की ओर से शनिवार को वन्य प्राणी सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को वन्य जीवों के महत्व को बताया, कार्यक्रम में डीएफओ कार्यालय से रैली निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्ग होते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय तक गई , इसके माध्यम से लोगों को वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया , रैली में कई विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों ने जीवों का न करें संहार, धरती मां की यही पुकार, जैसे कई नारे लिखे दिखे, डीएफओ प्रवेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, डीएफओ अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष दो से आठ अक्तूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाता है, इसका उद्देश्य वन्य जीवों का महत्व लोगों को समझाना है, मधुमक्खी जैसे वनीय जीवन चक्र में छोटे वन प्राणियों का उतना ही महत्व है, जितना बड़े वन प्राणी का है, जीवन चक्र के लिए वन्य प्राणियों की भूमिका महत्वपूर्ण है, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता ने कहा कि हम सभी को वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए, वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी अजित सिंह ने वन्य प्राणी सप्ताह को लेकर बताया कि इस दौरान स्वच्छता अभियान, चित्रांगन, क्विज, पेंटिंग निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूली बच्चों के बीच किया जाएगा। मौके पर रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वन प्रमंडल प्रादेशिक, लातेहार की टीम विजेता बना, जबकि सामाजिक वानिकी वन प्रमंडल लातेहार की टीम उप विजेता रही। विजेता और उप विजेता टीम को डीएफओ श्री अग्रवाल ने सम्मानित राशि दिया। मौके पर दुर्गा दत्त पाठक, आशीष झा, श्याम नारायण प्रसाद, राजेश प्रजापति, शनि ठाकुर, वनकर्मी, वनरक्षी, स्कूली बच्चे शामिल थे।

## सांसद ढुल्लू महतो पहुंचे दुंदीबाद बाजार, आग से पीड़ित दुकानदारों को दिलाया मदद का भरोसा



**बोकारो, संवाददाता**

दुंदीबाद बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास शनिवार दोपहर लगभग 12:30 बजे एक दुकान में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही धनबाद सांसद ढुल्लू महतो तत्काल मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। सांसद महतो ने मौके पर ही उपायुक्त से बातचीत कर त्वरित राहत और मुआवजे की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान भाजपा नेता अवधेश यादव, वीरभद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि मुकेश राय, मंटू राय, विक्रम महतो, कनक कुमार, अमर स्वर्णकार, ब्रज दुबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। पीड़ित दुकानदारों में वकील यादव, तिलेश्वर यादव, मोहम्मद मुस्लिम, असगर अली, गुप्तेश्वर शाह, आफर अली, ओमप्रकाश साव आदि शामिल हैं। सांसद ने सभी को प्रशासनिक स्तर पर शीघ्र सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# बोकारो में गांजा और ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार 12 किलो गांजा बरामद

**बोकारो, संवाददाता**



बोकारो पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से 11.940 किलोग्राम गांजा, 10 पुड़िया ब्राउन शुगर, हुंडई की एक वेन्यू कार, एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और 8789 रुपये नगद सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम सिजुआ तालाब के पास दो युवक मोटरसाइकिल पर गांजा और ब्राउन शुगर का पुड़िया बनाकर बेच रहे हैं। इस पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) आलोक रंजन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को मोटरसाइकिल के साथ धर दबोचा। तलाशी में उनके पास से 1.540 किलो गांजा, 10 पुड़िया ब्राउन शुगर और 850 रुपये नकद मिले। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वे बारी कॉपरेटिव कॉलोनी निवासी अनिरुद्ध साव उर्फ हित से गांजा खरीदते हैं।

उनके निशानदेही पर अनिरुद्ध साव के घर छापेमारी कर 10.400 किलो गांजा, एक हुंडई वेन्यू कार (संख्या JH09BA-0801), 7939 रुपये नकद और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी अनिरुद्ध साव उर्फ हित (47 वर्ष) - निवासी बारी कॉपरेटिव कॉलोनी, सेक्टर-12, बोकारो। मो. फैज अकरम उर्फ बॉबी (25 वर्ष) - निवासी गौस नगर, मखदुमपुर, थाना बालीडीह र मो. मतलुब आलम (23 वर्ष) - निवासी गौस नगर, मखदुमपुर, थाना बालीडीह शामिल है. छापामारी दल में डीएसपी (मुख्यालय) आलोक रंजन के नेतृत्व में गठित दल में थाना प्रभारी बालीडीह पु.नि. नवीन कुमार सिंह, थाना प्रभारी सेक्टर 12 पु.नि. सुभाष सिंह, सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर नशे के इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## ढूंडीबाग बाजार में भीषण आग, आधा दर्जन दुकानें जलकर खाक, मौके पर पहुंची पांच दमकल गाड़ियां



**बोकारो, संवाददाता**

शहर के व्यस्त ढूंडीबाग बाजार में शनिवार की सुबह भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं। गोदरेज, फोटो फ्रेमिंग, वेल्डिंग और फर्नीचर की दुकानों सहित कई वाहन भी आग की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पाँच दमकल गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। आग लगने के कारण बाजार की सड़क पर लंबा जाम लग गया और सैकड़ों लोग दुकान से सामान निकालने में जुट गए। पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि वे दुकान में ही थे जब अचानक आग की लपटें उठने लगीं। उन्होंने बताया कि करीब 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। फायर अधिकारी ने बताया कि आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। समय रहते दमकल की गाड़ियाँ पहुँच गईं, वरना आसपास की दर्जनों दुकानें इसकी चपेट में आ सकती थीं।

# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार



ललित गर्ग

संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है। भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं।

संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।

भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत की जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा। विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की ह्यस्वदेशी अपनाओह्ण और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की ह्यअंत्योदयह्ण की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है।

स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा। एक तो जब तक ऐसा हो न जाए तब तक चैन से नहीं बैठा जा सकता और दूसरे, यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलना छोड़ना नहीं चाहिए। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए। वास्तव में इस स्थिति से बचने का ही उपाय है स्वदेशी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना। परंतु इस संदेश के साथ कई चुनौतियां और सीमाएं भी जुड़ी हुई हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी आपस में गुँथी हुई है कि किसी भी देश का पूर्ण स्वावलंबन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। अनेक तकनीकें और कच्चे माल अब भी हमें विदेशों से ही प्राप्त करने होते हैं। यदि स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध या अधिक शुल्क लगाए जाते हैं तो यह व्यापार युद्ध और आर्थिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस संदेश की सफलता केवल भाषणों और भावनात्मक नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि ठोस नीतियों, बजट, शोध और योजनाओं के आधार पर इसे अमल में लाना होगा।

सामाजिक दृष्टि से भी यह आवश्यक है कि स्वदेशी और स्वावलंबन का नारा केवल एक सांस्कृतिक या राजनीतिक रंग में न ढल जाए। यह तभी कारगर होगा जब इसे हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र का साझा लक्ष्य बनाया जाएगा। नागरिकों की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं है, लेकिन यदि यह बदलाव शिक्षा, प्रोत्साहन और जनचेतना के माध्यम से लाया जाए तो यह नारा समाज में गहरी जड़ें जमा सकता है। संघ प्रमुख का यह संदेश नए भारत की दिशा में प्रेरणा का स्त्रोत है। यह हमें बताता है कि हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति पर गर्व करना चाहिए, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त होना चाहिए और विश्व के साथ संवाद स्थापित करते हुए भी अपनी स्वायत्तता को बनाए रखना चाहिए। किंतु इसके लिए आलोचनात्मक विवेक, व्यावहारिक सोच और निरंतर समीक्षा की आवश्यकता है। आज विभिन्न देशों की परस्पर मित्रता का आधार अपने-अपने आर्थिक-कूटनीतिक हित हैं। इन स्थितियों में सर्वोत्तम उपाय स्वदेशी को बल देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाना है। आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है।




## संपादकीय

### मौत का सिरप

कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निमार्ता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिये पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है। जबकि हकीकत यह है कि फार्मास्यूटिकल इकाइयों को अपग्रेड करने की समय सीमा कई बार बढ़ाई गई है। यह नियामक तंत्र की कमजोरियों और छोटी फर्मों में सुरक्षित प्रक्रियाओं में निवेश करने की अनिच्छा को ही उजागर करती है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिये यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा। विडंबना यह है कि अतीत में भी ऐसी कई त्रासदियां हुई हैं, लेकिन हमारे तंत्र ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। हालांकि शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। वर्ष 2020 में भी एक ऐसी त्रासदी सामने आई थी, लेकिन कुछ दिन के शोर के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विडंबना देखिए कि मृत बच्चों के परिजन आज भी न्याय की प्रतीक्षा में आंसू बहा रहे हैं। हकीकत यह है कि ऐसी मौतों की जिम्मेदारी तय करने में लगातार देरी होती रहती है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दशार्या जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है।

## चिंतन-मनन

### गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा। जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आासन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है। अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

# जरूरी है राष्ट्र निमार्ता के रूप में शिक्षकों का सम्मान



श्वेता गोयल

एक ओर जहां भारत में द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को 'शिक्षक दिवस' मनाया जाता है, वहीं दुनिया के अनेक देश 5 अक्तूबर को 'विश्व शिक्षक दिवस' मनाते हैं और इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में दुनियाभर के देशों में तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल किसी भी देश के विकास की कल्पना शिक्षा के बिना बेमानी ही है, इसीलिए दुनियाभर के शिक्षकों के महत्व और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए ही विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मनाने का मूल उद्देश्य विश्वभर में शिक्षण और शिक्षकों के मूलभूत मुद्दों पर चर्चा करना है। वर्ष 1960 के आसपास करीब सभी देशों में शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिसके लिए 5 अक्तूबर 1966 को 'टीचिंग इन फ्रीडम संधि' को मूर्त रूप दिया गया। इसमें दुनियाभर के शिक्षकों की स्थिति को सुधारने और उन्हें जागरूक करने के लिए एक समझौता पारित किया गया। दरअसल 5 अक्तूबर 1966 को पेरिस में एक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था, जिसमें शिक्षकों के अधिकार और जिम्मेदारी सहित उनसे संबंधित कई मुद्दों पर यूनेस्को तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की सिफारिशों को यूनेस्को द्वारा अपनाया गया था। यूनेस्को और आईएलओ की उस बैठक में शिक्षकों के अधिकारों, जिम्मेदारियों, रोजगार और शिक्षा के लिए दिशा-निर्देश बनाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसके बाद शिक्षक दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए 1994 में 100 देशों के समर्थन के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूनेस्को की इन सिफारिशों को पारित कर दिया गया। उसी के बाद 5 अक्तूबर 1994 से विश्व शिक्षक दिवस की शुरूआत हुई और तभी से प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को इसे विश्व शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष पूरी दुनिया 31वां विश्व शिक्षक दिवस मना रही है।

यूनेस्को द्वारा विश्व शिक्षक दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक थीम निर्धारित की जाती है और विश्व शिक्षक दिवस 2025 का आधिकारिक विषय है 'शिक्षण को एक सहयोगात्मक पेशे के रूप में पुनः स्थापित करना'। यूनेस्को का मानना है कि पूरी दुनिया को इस समय वैश्विक स्तर पर शिक्षकों की अभूतपूर्व कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो उनकी कामकाजी परिस्थितियों और स्थिति में गिरावट के कारण और भी गंभीर हो गई है। 2022 में विश्व शिक्षक दिवस 'शिक्षा का परिवर्तन शिक्षकों से शुरू होता है' थीम के साथ मनाया गया था। दरअसल वैसे तो व्यक्ति जीवनभर सीखता रहता है लेकिन शिक्षक के बिना सही ज्ञान नहीं मिलता, इसीलिए शिक्षक दिवस का विशेष महत्व होता है। 5 अक्तूबर के दिन विश्वभर में 100 से भी ज्यादा देशों में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर तरह-तरह के आयोजन किए जाते हैं। प्रत्येक देश में इस दिन का अपने-अपने तरीके से स्वागत किया जाता है। कई देशों में तो इस दिन सार्वजनिक अवकाश भी रखा जाता है लेकिन वहां अवकाश के इन पलों को लोग अपने शिक्षकों के साथ किसी न किसी रूप में शेयर करते हैं। सही मायनों में विश्व शिक्षक दिवस महज सार्वजनिक अवकाश नहीं बल्कि एक वैश्विक उत्सव है।

हालांकि भारत सहित कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां शिक्षक दिवस मनाए जाने की तारीख अलग-अलग हैं लेकिन सभी का उद्देश्य एक ही है। चीन में कन्फ्यूशियस के जन्मदिन के अवसर पर 27 अगस्त 1939 को शिक्षक दिवस मनाना आरंभ किया गया था किन्तु 1951 में यह घोषणा वापस ले ली गई और 1985 से 10 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा। रूस में 1994 से 5 अक्तूबर को ही शिक्षक दिवस मनाया जाता है किन्तु 1965 से 1994 तक अक्तूबर माह के पहले रविवार को यह दिवस मनाया जाता था। ईरान में 2 मई 1980 को प्रोफेसर अयातुल्लाह मोतेर्जा मोतेहारी की हत्या के बाद उसी दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मलेशिया में शिक्षक दिवस को 'हरि गुरू' के नाम से जाना जाता है, जो 16 मई को मनाया जाता है। वहां 16 मई 1956 को रजाक रिपोर्ट स्वीकृत हुई थी, जिसके आधार पर वहां शिक्षा प्रणाली का चयन हुआ था। उसी दिन को बाद में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। थाईलैंड में 1957 से ही प्रतिवर्ष 16 जनवरी को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उस दिन वहां सभी स्कूलों में अवकाश रहता है। तुर्की में यह दिवस 24 नवम्बर को जबकि अमेरिका में 6 मई को मनाया जाता है और इस उपलक्ष्य में माह के पहले सप्ताह में पूरे सप्ताह तक आयोजन होते हैं।

आस्ट्रेलिया में शिक्षक दिवस अक्तूबर महीने के अंतिम शुक्रवार को मनाया जाता है जबकि अर्जेन्टीना में इस दिवस का आयोजन डोमिनो फास्टिनो सामिएटो की मृत्यु के दिन 11 सितम्बर को किया जाता है। वियतनाम में 1958 में 20 नवम्बर को पहली बार यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय शिक्षकों के घोषणा पत्र के रूप में मनाया गया था और 1982 में इसे पुनः नामांकित कर वियतनामी शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया गया। पेरू में 6 जुलाई 1953 को वहां के राष्ट्रपति मैनुएल ए आड्रिया ने एक अध्यादेश पारित कर इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया था जबकि पाकिस्तान में यह अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के दिन 5 अक्तूबर को ही मनाया जाता है। चिली में 16 अक्तूबर को शिक्षकों के कॉलेज की स्थापना हुई थी, उसी उपलक्ष्य में वहां 16 अक्तूबर 1977 से इसी दिन शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा जबकि ब्राजील में शिक्षक दिवस का आयोजन 15 अक्तूबर को किया जाता है। दरअसल 15 अक्तूबर 1827 को वहां पेड्रो ने प्राथमिक शिक्षा को नियंत्रित किया था लेकिन अधिकारिक रूप में 15 अक्तूबर को ही शिक्षक दिवस मनाने के लिए मान्यता 1963 में मिली थी। बहरहाल, यूनेस्को का कहना है कि 5 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस घोषित करने से दुनियाभर में सेवारत तमाम शिक्षकों को उनके द्वारा शिक्षा और विकास के क्षेत्र में दिए जा रहे अहम योगदान से लोगों को अवगत कराया जाता है, जिससे आम लोगों को शिक्षकों के बारे में और अधिक समझने का अवसर मिलता है।



(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं)

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# भारत को पीओके की पुकार: पाकिस्तान के अत्याचारों से मुक्ति



दिलीप कुमार पाठक



धर्म के नाम पर पाकिस्तान की स्थापना हुई थी, यही कारण है कि आजतक पाकिस्तान राजनीतिक रूप से स्थायी नहीं है, कोई न कोई बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होता ही रहता है' बांग्लादेश, अफगानिस्तान के अलगाव के बाद पीओके यानि पाक अधिकृत कश्मीर में हमेशा पाकिस्तान से अलग होने की आवाजें बुलन्द होती रहती हैं' अभी कुछ महीनों पहले अपनी आवाज दुनिया तक पहुंचाने के लिए वहाँ के विद्रोही लोगों ने ट्रेन हाईजैक कर लिया था, खासी मुठभेड़ के बाद पाकिस्तान की सेना ने वहाँ की विरोधी आवाजों का दमन कर दिया था' पाकिस्तानी सेना ने अब तब पीओके पर दमनपूर्वक जबरन कब्जा कर रखा है, अन्यथा वहाँ कई बार भारत में विलय एवं जनमत संग्रह की मांगें उठती रहती हैं' अब देखना यह है कि पाकिस्तानी सेना कब तक इन आवाजों को दबा पाती है' अभी हाल फिलहाल पीओके में विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से बिजली संकट, महंगे बिल, इंटरनेट ब्लैकआउट, मानवाधिकार उल्लंघन, और आर्थिक उपेक्षा के खिलाफ शुरू हुआ है' जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी इन प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही है' पाकिस्तानी नेतृत्व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जनता की बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करने में फेल साबित हो रहा है' पाक अधिकृत कश्मीर में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सेना का अत्याचार अब संयुक्त राष्ट्र तक तक पहुंच गया है' वैसे भी पीओके पर जुल्म इतना बढ़ गया है कि वहाँ की चीखें पूरी दुनिया में सुनाई देने लगी हैं, वो तो भारत सरकार की नीतियों की विफलता है अन्यथा अब तक पीओके भारत का हिस्सा बन चुका होता' देश जमीन के टुकड़ों पर नहीं बनता बल्कि देश में रहने वाले लोगों के कारण देश बनता है, जहां पाकिस्तान मानवीय मूल्यों को ताक पर रखकर जबरदस्ती लोगों पर राज करना चाहता है, हालांकि अब बड़ा कठिन सा प्रतीत हो रहा है' पीओके के राजनीति दलों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से मांग की है कि वठ तुरंत यहां दखल दे और यहां की जनता को पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से बचाए' 29 सितंबर से चल रहे नागरिकों के प्रदर्शन में अब तक 12 लोग मारे जा चुके हैं' एक जान की भी कीमत होती है, पाकिस्तान की सेना को इसका खामियाजा जरूर भुगतना होगा'

स्विटजरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद 60वें सेशन के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की पार्टी (यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी) ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान को कश्मीरियों को मारने, हमारी जमीन और हमारे संसाधनों पर कब्जा करने, हमारे लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' पीओके के स्थानीय नेता इस मुद्दे को पूरी दुनिया के सामने लेकर आए हैं, हालांकि उन्होंने कितना शोषण, दमन झेला है, इसकी कल्पना करना भी असहनीय पीड़ा को सहन करने जैसा है' यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी के प्रवक्ता सरदार नासिर अजीज खान ने जिनेवा में कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में कई लोग गायब हो गए हैं, परंतु हाल ही में कश्मीर में जो हो रहा है, उससे लोग अपनी जान को लेकर चिंतित हैं क्योंकि 29 सितंबर से अब तक 12 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है' नासिर ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान यहां के लोगों पर क्रूर बल प्रयोग कर रहा है और प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहा है जिससे लोग मारे जा रहे हैं' सैकड़ों लोग जेल में हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में इस अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के जमावड़े के माध्यम से हम आग्रह करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र उन कश्मीरियों की जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करे जो पाकिस्तानी कब्जे में रह रहे हैं' कश्मीरियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने इस्लामाबाद प्रेस क्लब में इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस के एक्शन की निंदा की' पीओके पर पाक सेना को कश्मीरियों को मारने, जमीन और संसाधनों पर कब्जा करने और उन लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' निरन्तर विरोधी आवाजें गूँज रही हैं' 2 अक्टूबर 2025 पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी के सदस्य इस्लामाबाद प्रेस क्लब के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे इस दौरान पुलिस प्रेस क्लब में घुस गई, पुलिस ने प्रदर्शन बल पूर्वक कुचलने के लिए क्लब के अंदर घुसकर पत्रकारों और स्टाफ पर लाठीचार्ज किया, कैफेटेरिया को तोड़ा-फोड़ा, कैमरे और मोबाइल फोन तोड़े और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया' वीडियो फुटेज में पुलिस को पत्रकारों को घसीटते और पीटते हुए दिखाया गया है' यह घटना पीओके में चल रहे पांचवें दिन के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुई, जहां बाजार बंद हैं और इंटरनेट कटा हुआ है' इस मुद्दे पर भारत को दखल देते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश देना चाहिए कि पीओके पर जुल्म खत्म हो, भारत सरकार को बांग्लादेश की तरह इसका हल निकालना होगा, पूरी दुनिया पीओके की स्थिति से वाकिफ है, हालांकि यूएनओ कुछ नहीं कर पाएगा, अब तो भारत को ही इसका हल निकालना होगा' पीओके की जनता भारत के साथ विलय चाहती है' पाकिस्तान को सबक सिखाने का भरपूर मौका है, जो भारत को गंवाना नहीं चाहिए'

Printed and Published by Manish KUMAR KASHYAP behalf of Palace of Publication,BALIHARI ROAD, NEAR - KALYAN BHAWAN NEW AREA MORABADI RANCHI-834008,Ranchi- Jharkhand, and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222,Jharkhand And Published at Palace of Publication,Ranchi- Jharkhand,, **PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773** Editor- Editor SHAHOOD ALAM. Mob -

# प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को कहा अलविदा



**भारतीय** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को अलविदा कह दिया है। वह दो दिनों तक मुंबई में रहने के बाद अमेरिका लौट गई हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुंबई में बिताए अच्छे पलों को याद किया है। फैंस को दुर्गा पंडाल में प्रियंका चोपड़ा का लुक काफी पसंद आया। प्रियंका चोपड़ा बनारसी पैटर्न के साथ पर्पल कलर के सूट में दिखीं। एक्ट्रेस ने माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर लगा रखा था। एक्ट्रेस का देसी लुक फैंस के दिल को भा गया। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक मुंबई टूर वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में एक्ट्रेस पहले अपने स्किनकेयर और मेकअप के बारे में बात कर रही है, वहीं कई स्थानों के साथ वह मां दुर्गा के पंडाल में भी नजर आईं। वीडियो में उन्होंने मुंबई में बिताए दो दिनों की यादें कैमरे में कैद कीं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा,अलविदा मुंबई! वापस आना हमेशा बहुत अद्भुत होता है, भले ही यह एक मिनट के लिए ही क्यों न हो। उत्सव मना रहे सभी लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं। दोबारा आने का वेट करें..।

प्रियंका ने एक्ट्रेस नीलम उपाध्याय को भी दिल से शुक्रिया कहा। उन्होंने लिखा, जब पति मदद के लिए आसपास नहीं थे तो आप थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका को हॉलीवुड एक्शन-कॉमेडी हेड्स ऑफ स्टेट में देखा गया था। फिल्म अमेजन प्राइम पर मौजूद है। एक्ट्रेस एक साथ कई फिल्मों की शूटिंग कर रही है, जो हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों हैं। एक्ट्रेस सिटाडेल-2, द ब्लफ, जजमेंट डे, एसएसएमबी 29 और कृष 4 में भी दिख सकती हैं।



## Simi Garewal की दशहरा पोस्ट पर बवाल एक्ट्रेस ने रावण को बताया आज के सांसदों से बेहतर

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने दशहरा के मौके पर एक ऐसी पोस्ट कर दी कि उनके फैंस हैरान रह गए. एक्ट्रेस ने रावण को आज के सांसदों से बेहतर बताया. 2 अक्टूबर दशहरा के मौके पर बॉलीवुड की हसीन अदाकारा एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने अपने एक्स हैंडल पर रावण की तारीफ करते हुए एक लंबा नोट लिखा है. एक्ट्रेस ने अपने नोट में रावण की खूब तारीफ की है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है. बॉलीवुड एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने रावण के लिए एक लंबा-चौडा नोट लिखा है. जिसमें वो रावण की अच्छाइयां गिनाते नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है. अपनी पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा- हर साल इस दिन हम अच्छाई की बुराई पर जीत का जश्न मनाते हैं. लेकिन सच कहूं तो, तुम्हारे व्यवहार को 'बुराई' की बजाय 'थोड़ी शरारत' कहा जाना चाहिए. आखिर तुमने किया ही क्या था? मानती हूं कि तुमने जल्दीबाजी में एक महिला का अपहरण कर लिया, लेकिन उसके बाद तुमने उसे वो सम्मान दिया जो आज की दुनिया में औरतों को शायद ही कभी मिलता हो. तुमने उसे अच्छा खाना दिया, रहने की जगह दी और यहां तक कि महिला सुरक्षा-गॉर्ड्स भी दिए (हालांकि वह बहुत सुंदर नहीं थीं). तुम्हारा विवाह का प्रस्ताव भी बड़े विनम्र ढंग से था और जब उसे ठुकरा दिया गया, तब भी तुमने एसिड नहीं फेंका. यहां तक कि जब भगवान राम ने तुम्हें मार डाला, तब भी तुमने उनसे माफी मांगने की बुद्धिमानी दिखाई.

**रियल-लाइफ हीरो सोनू सूद का पंजाब से आशा भरा संदेश**

# हर परिवार की ज़रूरतें पूरी होनी चाहिए




**पंजाब** में आई विनाशकारी बाढ़ को एक महीने से ज़्यादा समय बीत चुका है, लेकिन गांवों में लोगों की तकलीफें अब भी जारी हैं। अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद, जो संकट के समय में लगातार आशा की किरण बनकर उभरे हैं, उन्होंने हाल ही में गाँव का दौरा किया और हालात का जायज़ा लिया। वहां उन्होंने जो देखा, उससे मदद जारी रखने का उनका संकल्प और मज़बूत हुआ। पंजाब में बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ितों के साथ खड़े होकर, सोनू सूद ने कहा- आप देख रहे हो कि अभी भी जो बाढ़ के कारण तकलीफें हैं, वो बहुत ज़्यादा हैं और क़रीब 40-45 दिन हो चुके हैं बाढ़ को। और मैं हमेशा कहता आया हूँ ङ्क असली ज़रूरत अब पड़ेगी, क्योंकि पानी का स्तर अभी भी कई जगहों पर बहुत ज़्यादा है। और जो लोग मदद कर रहे हैं ङ्क बचा रहे हैं ङ्क उन्हें इसे जारी रखना चाहिए। गांवों में असली मुश्किलें अब आने वाली हैं, और हर परिवार को जो भी ज़रूरतें हैं, उन्हें हमें पूरा करना है। पंजाब के बाढ़ प्रभावित गाँवों की ज़मीनी हकीकत को बयां करते हुए उन्होंने लिखा, दिन- 45 आइए, ज़रूरतमंदों के लिए एकजुट हों। पंजाब और पूरे देश के लोगों के लिए यह शब्द एक चेतावनी भी हैं और एक आह्वान भी। राहत केवल एक बार की प्रक्रिया नहीं होती ङ्क यह एक निरंतर दायित्व है। सोनू सूद की पंजाब में उपस्थिति केवल मदद पहुंचाने के लिए नहीं है, बल्कि उन आवाज़ों को बुलंद करने के लिए भी है जो मूलभूत सुविधाओं से कटे हुए हैं ङ्क यह याद दिलाने के लिए कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में सोनू सूद संकट के समय में उम्मीद का पर्याय बन गए हैं ङ्क चाहे वो महामारी के दौरान प्रवासी मज़दूरों की मदद हो या अब बाढ़ पीड़ितों की सहायता। उन्होंने बार-बार दिखाया है कि ज़िम्मेदारी और ईमानदारी के साथ प्रभावशाली होना क्या मायने रखता है। पंजाब की इस कठिन घड़ी में उनका काम यह साबित करता है कि राहत केवल दान नहीं ङ्क बल्कि निरंतर करुणा और समर्थन से भरा एक लंबा सफ़र है।

## 12 की उम्र में श्वेता तिवारी ने की थी सिर्फ 500 रुपये के लिए नौकरी, मेहनत से बनीं घर-घर की प्रेरणा



**टीवी** से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने टीवी पर तो छाप छोड़ी ही, लेकिन अब सीरीज और फिल्मों में अपना दबदबा बना रही हैं। शनिवार को एक्ट्रेस अपना 45वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस की पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ सुर्खियों में रही है। एक्ट्रेस ने 500 रुपये से कमाना शुरू किया और आज लाखों कमा रही हैं। श्वेता तिवारी को सबसे पहले 1999 में आए शो कलीरे में देखा गया था, जिसके बाद सीरियल कसौटी जिंदगी की ने एक्ट्रेस की दुनिया बदल दी, क्योंकि एक्ट्रेस प्रेरणा बनकर घर-घर छा गई। प्रेरणा और अनुराग की जोड़ी आज भी याद की जाती है।

श्वेता तिवारी ने खुद इस बात का खुलासा किया था कि पहले सीरियल की शूटिंग लगातार 72-72 घंटे होती थी। घर जाने का समय नहीं मिलता था और पे चेक भी 30 का नहीं, बल्कि 45 दिन का मिलता था। श्वेता तिवारी ने 12 साल की उम्र से कमाना शुरू कर दिया था, क्योंकि उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। अपने परिवार की मदद करने के लिए एक्ट्रेस ने 12 साल की उम्र में ट्रैवल एजेंसी में काम किया। उस वक्त एक्ट्रेस की पहली कमाई 500 रुपये थी, लेकिन आज एक्ट्रेस एक एपिसोड का लगभग 3 लाख रुपये चार्ज करती हैं और अकेले अपने दोनों बच्चों को पाल रही हैं। एक्ट्रेस ने 15 साल की उम्र में टीवी पर कदम रखा और दूसरे ही सीरियल से छा गई, लेकिन इसके साथ ही श्वेता की पर्सनल लाइफ काफी उतार-चढ़ाव भरी रही।

**ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ 2025**

## एंजेलिना जोली इफेक्ट के साथ 'हर यात्रा मायने रखती है'



2013 में हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने दुनिया को एक बड़े फैसले से सबको चौंका दिया। उनकी मां (मार्शलीन बर्ट्रेंड) की मृत्यु ओवरी कैंसर से हुई थी। जोली ने टेस्ट कराया और पाया कि उनमें बीआरसीए1 जीन म्यूटेशन है, जो उनके ब्रेस्ट कैंसर के चांस को 87 फीसदी तक बढ़ा रहा था। एंजेलिना ने प्रिवेंटिव डबल मास्टेक्टॉमी (दोनों स्तनों को सर्जरी से हटवाना) करवा लिया। उस समय कइयों ने उनके फैसले पर सवाल उठाए, लेकिन बाद में हजारों महिलाएं अस्पताल पहुंचीं और टेस्ट कराए। डॉक्टरों का कहना है कि एंजेलिना की इस पहल से जोलि इफेक्ट नाम की एक अवेयरनेस लहर उठी, जिसने अनगिनत जिंदगियां बचाईं। रिसर्च बताती है कि उनके बयान के बाद लाखों महिलाओं ने बीआरसीए टेस्ट करवाने शुरू कर दिए। जोली ने अपने शरीर से जुड़ी बेहद निजी बात का खुलासा न्यूयॉर्क टाइम्स के ओप-एड लेख में किया था। 2013 के इस लेख में उन्होंने एक मां के डर को जाहिर करते हुए लिखा, मैं यह नहीं चाहती थी कि मेरे बच्चों को बार-बार वही डर महसूस हो जो मैंने अपनी मां के लिए महसूस किया था। मैंने तय किया कि मैं इस डर को कम करने की पूरी कोशिश करूंगी। जोली की इस ईमानदार कोशिश की दुनिया कायल हो गई। उन्होंने अपने इसी लेख में आगे लिखा, मेरे लिए यह लिखना आसान नहीं था। लेकिन अगर यह किसी एक महिला को भी टेस्ट करवाने और अपना जीवन बचाने के लिए प्रेरित कर सके, तो मैं अपने इस कदम को सही मानूंगी। स्तन कैंसर का हर निदान व्यक्तिगत होता है। हर निदान के पीछे एक कहानी होती है–साहस, दृढ़ता और आशा की। और जब इससे किसी मशहूर हस्ती का नाम जुड़ जाता है तो आम जन को भी इसकी गंभीरता और भयावहता का एहसास सहज ही हो जाता है। एंजेलिना जोली की ब्रेस्ट कैंसर स्टोरी केवल हॉलीवुड की ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए एक बड़ा संदेश बन गई।

## रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम लेकर आ रहे तीरंदाजी का नया जोश, एपीएल में हिस्सा लेगी पृथ्वीराज योद्धा



**भारत** में खेलों का जादू हमेशा से लोगों के दिलों में खास रहा है। हरियाणा की मिट्टी से लेकर देश के कोने-कोने तक, खेलों ने कई युवाओं को प्रेरित किया है। इस कड़ी में तीरंदाजी यानी आर्चरी के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी व पूर्व राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज लिन लैशराम की टीम पृथ्वीराज योद्धा आगामी आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) में हिस्सा लेंगी। बता दें कि लिन लैशराम पृथ्वीराज योद्धा टीम की सह-मालिक हैं। एपीएल 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। रणदीप और लिन की यह साझेदारी न केवल खेल को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को भी तीरंदाजी जैसे खेल की तरफ आकर्षित करेगी। रणदीप हुड्डा ने कहा, खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। हरियाणा में बचपन से ही खेलों की संस्कृति रही है, जहां कुश्ती, हॉकी, और बॉक्सिंग जैसे खेलों ने देश का नाम रोशन किया है। मेरे लिए तीरंदाजी जैसे खेल से जुड़ना एक गर्व की बात है। तीरंदाजी में कई खासियतें होती हैं, जैसे कि ध्यान केंद्रित करना, धैर्य बनाए रखना, और मुश्किल हालात में टिके रहना; ये सभी गुण हरियाणा की खेल संस्कृति से मेल खाते हैं। मेरी पत्नी लिन का इस खेल के साथ गहरा लगाव है, जो हमारी टीम को और मजबूत बनाता है। लिन लैशराम के लिए तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक जीवन की यात्रा है। उनके पिता मणिपुर आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं, जिन्होंने उन्हें बचपन से ही तीरंदाजी की दुनिया की ओर आगे बढ़ाया। लिन ने महज दस साल की उम्र में तीरंदाजी शुरू की और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने लगीं। टाटा आर्चरी अकादमी में प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने कई पदक जीते और 1998 में जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप भी अपने नाम की। हालांकि, चोट के कारण उन्हें प्रतियोगिता से दूरी बनानी पड़ी, लेकिन उनका खेल के प्रति जुनून कभी कम नहीं हुआ। अब आर्चरी प्रीमियर लीग में उनका फिर से लौटना उनके लिए एक नई शुरुआत है।

## पायरेसी को बढ़ावा न दें, कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने दर्शकों से की खास अपील



ऋषभ शेट्टी की बहुचर्चित फिल्म कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म को पायरेसी से बचाने ने के लिए दर्शकों से एक खास अपील की है। साथ ही फिल्म को सिनेमाघरों में देखने का अनुरोध भी किया है।

कांतारा चैप्टर 1 2 अक्तूबर, 2025 को गुरुवार के दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने पहले दिन 60 करोड़ रुपये का धांसू कलेक्शन किया। आज फिल्म की रिलीज के बाद फिल्म निर्माताओं ने अपने दर्शकों से फिल्म को पायरेसी से बचाने के लिए एक खास अपील की है। होम्बले फिल्म्स ने आज एक्स पर एक खास नोट शेयर करते हुए लिखा, प्रिय कांतारा परिवार और सिनेमा प्रेमियों, कांतारा चैप्टर 1 जितना हमारा है, उतना ही आपका भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच अविस्मरणीय बना दिया है। हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि फिल्म के वीडियो शेयर और रिकॉर्ड न करें और पायरेसी को बढ़ावा न दें। आइए, सिनेमाघरों में कांतारा का जादू बरकरार रखें, ताकि हर कोई इसे उसी तरह महसूस कर सके जैसा इसका होना चाहिए। कांतारा चैप्टर 1 भारतीय कन्नड़ भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित है। होम्बले फिल्म्स के तहत विजय किरागांदुर द्वारा निर्मित यह फिल्म 2022 की कांतारा का प्रीक्वल है। फिल्म में ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं।

# शरवरी वाघ ने दशहरे पर शुरू की इम्तियाज अली की फिल्म की शूटिंग



**बॉलीवुड** अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपनी अगली बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। इस फिल्म में वेदांग रैना उनके अपोजिट दिखाई देंगे। दशहरे के शुभ अवसर पर अभिनेत्री शरवरी वाघ ने यह खुशखबरी फैंस के साथ साझा की। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकीं। इसके बजाय उन्होंने अपने कमरे में फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ एक छोटी सी पूजा की और फिल्म की शुरुआत की। इस तस्वीर में एक नोटबुक भी रखी है, जिस पर उन्होंने कुछ लिखा था और जिसे ताजा गुड़हल के फूलों से सजाया गया था। इसे शेयर करते हुए शरवरी ने लिखा, आज पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकी, इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की। दशहरा की शुभकामनाएं। एक बेहद खास निर्देशक और टीम के साथ एक बेहद खास फिल्म की शूटिंग शुरू कर रही हूं। जून में इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई थी। उस समय शरवरी ने उत्साह और आभार व्यक्त करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा था, मेरे जन्मदिन पर यह घोषणा देखकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन। इम्तियाज अली सर, जब से मैंने एक अभिनेत्री बनने का सपना देखा है, तब से मैं आपके निर्देशन में काम करने के लिए तत्पर थी। यह मेरे लिए सीखने का सबसे अद्भुत अनुभव होगा। आपके विजन का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे चुनने के लिए धन्यवाद। इस ड्रीम टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। इस नए सफर के लिए बेहद उत्साहित हूं। शरवरी वाघ ने 2021 में यशराज की फिल्म बंटी और बबली 2 से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में रानी मुखर्जी, सैफ अली खान और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे कलाकार भी थे

## संक्षिप्त समाचार

### 75 लाख डॉलर में बिकी फ्रांसिस की कलाकृति

**लंदन, एजेंसी।** गोवा के मशहूर चित्रकार फ्रांसिस न्यूटन सूजा की कलाकृति 'हाउसेज इन हैम्पस्टेड' ने कला जगत में नीलामी का नया रिकार्ड बनाया है। लंदन में सोथबी की नीलामी में यह कलाकृति 75 लाख डॉलर से अधिक राशि में बिकी, जो इसकी निर्धारित कीमत से लगभग सात गुना अधिक है। इस दौरान, विभिन्न कलाकृतियों की बिक्री से कुल 2.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल हुई।

### आयरलैंड : भारतीय दूतावास ने धूमधाम से मनाई गांधी जयंती

**डबलिन, एजेंसी।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन स्थित भारतीय दूतावास में बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी की 156वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्र ने कहा कि भारतीय समाज में फैलती बहुआयामी असहिष्णुता और बढ़ते विद्वेषपूर्ण राजनीतिक ध्रुवीकरण को शांत करने के लिए गांधी जी के तीन अराजनीतिक विचार अत्यन्त प्रासंगिक हैं। विरोधियों और आलोचकों के साथ सम्मानजनक संवाद : गांधी को जनता की बेहद सराहना मिलती थी क्योंकि उन्होंने आलोचकों के साथ बातचीत और बहस में हमेशा उचित सम्मान और शिष्टता का परिचय दिया। महात्मा गांधी ने साहसपूर्वक कहा था, महिला को कमजोर कहना अपमान है। यह पुरुष द्वारा महिला के प्रति अन्याय है। इसके साथ ही गांधी जी ने देश ?को आत्म-विश्वास का भी मंत्र दिया।

### ट्रंप बोले- कैरिबियन ड्रग कार्टेल गैरकानूनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैरिबियाई क्षेत्र में सक्रिय ड्रग कार्टेल को अवैध लड़ाके घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब गैर-अंतरराष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में है। अमेरिकी रक्षा विभाग- पेंटागन ने इस फैसले के बारे में कांग्रेस को सूचित भी कर दिया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिकी सेना ने कैरिबियाई समुद्र में तीन घातक हमले किए थे, जिनमें दो नावें वेनेजुएला से आई थीं। यह कदम ड्रग तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप प्रशासन का यह निर्णय क्षेत्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### पीएम स्टार्मर ने यहूदी धर्मस्थल पर हमले की निंदा की

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मैनचेस्टर के एक सिनेगॉग (धर्मस्थल) पर यहूदियों को निशाना बनाकर किए गए हमले की निंदा की और इसे घृणित बताया। इस हमले में एक व्यक्ति ने कार से लोगों को कुचलने और चाकू से हमला करने की वारदात को अंजाम दिया। हिंसा में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यहूदी समुदाय की सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया और कहा, ब्रिटेन एक ऐसा देश है जहां सभी सुरक्षित और सम्मानित महसूस करेंगे। उन्होंने होलोकॉस्ट का उल्लेख करते हुए यहूदियों को ब्रिटेन में शरण पाने की ऐतिहासिक भूमिका को भी याद किया।

### इस्राइली नौसेना ने गाजा की नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रही फ्लोटिला को रोका; कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइली नौसेना ने भूमध्य सागर में गाजा की नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 450 अंतरराष्ट्रीय कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इनमें यूरोपीय सांसद भी शामिल हैं। यह ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला के माध्यम से फलस्तीनी लोगों की मदद करने आ रहे थे। बीते दो साल में अब तक के सबसे बड़े प्रयास के तौर पर उभरे इस फ्लोटिला को प्रतीकात्मक मानवीय सहायता और इस्राइल की मुखालफत के तौर पर भी देखा जा रहा है। इस्राइल ने इसे रोकने के बाद अशदोद बंदरगाह पर 600 पुलिसकर्मियों को तैनात कर कार्यकर्ताओं की पहचान और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की। यह कार्रवाई यहूदी धर्म के सबसे पवित्र दिन योम किप्पुर पर हुई। इस घटना के बाद दुनिया भर में विरोध प्रदर्शन भी हुए। इटली की सबसे बड़ी यूनियन ने हड़ताल का आह्वान किया। पेरिस और बार्सिलोना में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें भी हुई। कार्यकर्ताओं ने फ्लोटिला को गाजा की नाकाबंदी और नरसंहार के खिलाफ वैश्विक चेतना जगाने का प्रयास बताया।

# पाक ने ट्रंप का शांति प्रस्ताव ठुकराया कहा- ये मसौदा हमारा नहीं है इसे बदला गया है



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान कब किसके साथ गद्दारी कर दे कोई नहीं जानता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान की सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस बुलाकर साथ में डिनर किया और गलबहियां डालकर फोटो सेशन कराया। इसके बाद आवभगत से गदगद मुनीर ने ट्रंप के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग कर डाली। अब इसी पाकिस्तान ने राष्ट्रपति ट्रंप के गाजा शांति प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने अपने देश को औपचारिक रूप से इससे अलग करते हुए कहा है कि यह दस्तावेज हमारा नहीं है और इसमें हमारे मूल मसौदे में बदलाव किए गए हैं। डार का यह बयान संसद में आया, जिससे पाकिस्तान इस प्रस्ताव से आधिकारिक रूप से दूरी बनाने वाला पहला बड़ा देश बन गया है। आपको बता दें कि इस प्रस्ताव को हमास ने मंजूर कर लिया है। डार ने कहा कि अमेरिका द्वारा घोषित यह शांति योजना उस मसौदे से अलग है जो मुस्लिम देशों ने संयुक्त रूप से तैयार किया था। उन्होंने कहा, यह हमारा ड्राफ्ट नहीं है। इसमें जो संशोधन किए गए हैं, वे हमारी सहमति से नहीं हुए।

सूत्रों के अनुसार, इस सख्त रुख के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की मंजूरी है। सेना नहीं चाहती कि इस योजना को किसी भी रूप में अमेरिकी या इजराइली हितों को मान्यता देने वाला समझा जाए। रिपोर्ट में खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा है कि यह बयान पाकिस्तान सरकार की फेस-सेविंग एक्सरसाइज का हिस्सा है ताकि जनता के बीच यह संदेश जाए कि इस्लामाबाद ने अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया है। इस रुख से पाकिस्तान यह भी संदेश देना चाहता है कि वह मुस्लिम देशों की एकजुटता से अलग नहीं हो रहा और न ही मुस्लिम मकसद को बेच रहा है। सूत्रों का कहना है कि हालांकि सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान इस प्रस्ताव को खारिज कर रहा है, परंतु पर्दे के पीछे वह अमेरिका और अरब के साथ कूटनीतिक संवाद जारी रखेगा। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान का यह कदम घरेलू राजनीतिक और धार्मिक दबाव को ध्यान में रखकर उठाया गया है। पाकिस्तान के भीतर मौजूद कट्टरपंथी और प्रोपैलेस्टाइन लॉबी किसी भी ऐसी योजना का विरोध कर रहे हैं जिसमें हमास के निरस्त्रीकरण या इजरायल की आंशिक मान्यता जैसी बातें शामिल हों।

## अमेरिका ने लगाया दाढ़ी पर प्रतिबंध, कई सैनिकों, मुस्लिमों और यहूदियों के लिए संकट

वाशिंगटन। अमेरिका ने नई ग्रूमिंग नीति के तहत दाढी रखने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे धर्म के आधार पर दाढ़ी रखने वाले सैनिकों की नौकरी भी खतरे में आ गई है। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ द्वारा जारी हालिया मेमो के तहत सैन्य दाढ़ी रखने की छूट को लगभग समाप्त कर दिया गया है, जिससे धार्मिक आधार पर दाढ़ी रखने वाले सैनिकों की सेवा पर संकट मंडरा रहा है। यह नीति 2010 से पहले की मानकों पर लौटने का आदेश देती है, जिसमें दाढ़ी की छूट की सामान्यत : अनुमत नहीं होगी। हालांकि इससे पहले 2017 में भी कुछ तरह के निर्देश दिए गए थे, बाद में सिख सैनिकों के लिए दाढ़ी और पगड़ी की स्थायी छूट को औपचारिक रूप दिया था। इसी तरह, मुस्लिम, ऑर्थोडॉक्स यहूदी और नॉर्स पगान सैनिकों को धार्मिक आधार पर छूट मिली हुई थी। जुलाई 2025 में सेना ने चेहरे के बालों की नीति को अपडेट किया था, लेकिन धार्मिक छूट को सुरक्षित रखा था। हालांकि, नई नीति इन प्रगतिशील बदलावों को उलट रही है, जो 1981 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले गोल्डमैन बनाम वेनबर्गर से प्रेरित सख्त ग्रूमिंग नियमों पर लौट रही है। यह नीति केवल सिखों तक सीमित नहीं है। मुस्लिम सैनिकों के लिए दाढ़ी धार्मिक दायित्व है, जबकि ऑर्थोडॉक्स यहूदियों के लिए पायोट और दाढ़ी पवित्र हैं। काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) ने हेगसेथ को पत्र लिखकर स्पष्टता की मांग की है- क्या मुस्लिम, सिख और यहूदी सैनिकों की धार्मिक स्वतंत्रता संरक्षित रहेगी? सीएआईआर ने प्रथम संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि लंबे समय से पेंटागन की नीतियां इन अधिकारों को मान्यता देती रही हैं।काले सैनिकों पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि छद्म फॉलिकुलाइटिस बार्बे (रेजर बंप्स) के कारण चिकित्सकीय छूट अब स्थायी नहीं रहेगी। इंटरसेप्ट के अनुसार, यह नीति नस्ल और धर्म पर आधारित बहिष्कार को बढ़ावा देती है। नॉर्स पगान सैनिकों ने भी इसे अपनी मान्यताओं के खिलाफ बताया है। इस मामले में सिख कोअलिशन, जो अमेरिकी सैन्य में सिखों के अधिकारों के लिए प्रमुख वकालत संगठन है, उसने हेगसेथ की टिप्पणियों पर क्रोधित और गहरी चिंता व्यक्त की है।

## ब्रिटेन में यहूदी प्रार्थना स्थल के बाहर आतंकी हमला:2 की मौत, 3 घायल



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर में गुरुवार को एक यहूदी प्रार्थना स्थल (सिनागॉग) के बाहर आतंकी हमला हुआ। इसमें दो यहूदियों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रम्प्सल इलाके में कई यहूदी योम किप्पुर त्योहार पर प्रार्थना के लिए इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान हमलावर ने उन पर कार चढ़ा दी और फिर गोलीबारी करने लगा।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावर का एनकाउंटर कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। योम किप्पुर के दिन यहूदी अपने पिछले गलत कामों के लिए माफी मांगते हैं और प्रार्थना करते हैं।

**ब्रिटिश पीएम इमरजेंसी कोबरा टीम के साथ बैठक करेंगे :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस हमले को बेहद डरावना बताया और पुलिस की तारीफ की। स्टार्मर डेनमार्क से जल्दी लौट रहे हैं ताकि ब्रिटेन की इमरजेंसी कोबरा टीम के साथ बैठक कर सकें। उन्होंने एक्स पर लिखा- यह हमला योम किप्पुर जैसे पवित्र दिन पर हुआ, जो इसे और भी भयानक बनाता है। मेरी संवेदनाएं घायलों के परिवारों के साथ हैं। मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम ने कहा कि हमलावर की मौत हो गई है। पुलिस भी इसकी पुष्टि कर चुकी है। मेयर बर्नहैम ने लोगों से हमले वाले इलाके में न जाने की अपील की है।

**हमले को आतंकवादी घटना घोषित किया गया :** ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने इसे आतंकवादी घटना घोषित किया है। काउंटर-टेररिज्म टीम मामले की जांच कर रही है। हमलावर की पहचान हो चुकी है, लेकिन नाम सार्वजनिक नहीं किया गया। दो अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे देश में यहूदी समुदायों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ब्रिटिश किंग चार्ल्स ने कहा कि यह घटना हमें गहरा सदमा पहुंचा रही है, खासकर यहूदियों के इस खास दिन पर। वहीं, यहूदी संगठन कम्युनिटी सिक्योरिटी ट्रस्ट ने कहा कि यह हमला ब्रिटेन में बढ़ते यहूदी-विरोधी माहौल का हिस्सा लगता है।

## बांग्लादेश में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, भक्ति और उत्सव का दिखा माहौल

**ढाका, एजेंसी।** नवरात्र का पर्व भारत में हर्षोल्लास के साथ विजयदशमी के दिन पूरा हुआ। पड़ोसी मुल्क- बांग्लादेश में भी पांच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे देश में देवी की मूर्तियों को नदियों में विसर्जित किया। ढाका में हजारों लोग बुरीगंगा नदी पर एकत्र हुए और मंत्रोच्चार व पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ देवी को विदाई दी। इस वर्ष 33,355 पूजा मंडप स्थापित किए गए, जिनमें से 258 ढाका में थे। अंतरिम सरकार ने पूजा के लिए 5 करोड़ टका का अनुदान दिया।

हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने सुरक्षा में सहयोग के लिए सेना का आभार जताया, हालांकि 64 जिलों में से 14 में कुछ बाधाओं की खबरें भी सामने आईं। परिषद ने अंतरिम प्रमुख प्रो. मुहम्मद यूनुस की उस टिप्पणी की निंदा की जिसमें उन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार की खबरों को फर्जी बताया। बता दें कि हालिया दिनों में भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा है, और भारत ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई है।

**उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में विस्फोट, 4 पुलिसकर्मियों सहित 9 लोग घायल : पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर शहर में गुरुवार को एक पुलिस वैन को निशाना बनाकर बम धमाके हुए। इसमें कम से कम नौ लोग घायल हो गए। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। घटना बाना मारा क्षेत्र में हुई, जहां वैन सड़क किनारे लगाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से टकरा गई। एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस प्रमुख डॉ. मियां सईद ने बताया कि जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोट रिमोट-कंट्रोल डिवाइस से हुआ या आईईडी से। घटनास्थल से सबूत जुटाए जा रहे हैं।

## बवाल के बाद घुटने पर शरीफ सरकार, बातचीत के लिए भेजा आठ सदस्यीय दल; दस लोगों की हो चुकी है मौत



**मुजफ्फराबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शन के चलते हालात बेकाबू और बेहद तनावपूर्ण बने हुए है। इन प्रदर्शनों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कार्रवाई से अब तक कम से कम दस लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। ऐसे में हिंसा के दिन-प्रतिदिन बढ़ते स्वरूप के मद्देनजर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ हरकत में आते हुए नजर आ रहे है। इसके तहत उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक उच्चस्तरीय वार्ताकार समिति को पीओजेके भेजा है।

बता दें कि प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तरफ से भेजी गई आठ सदस्यीय समिति में केंद्रीय मंत्री अहसन इकबाल, आमिर मुकाम, सरदार मोहम्मद यूसुफ, राणा सनाउल्ला, डॉ. तारिक फजल चौधरी, पीपीपी के नेता राजा परवेज अशरफ, क़मर जमां कैरा पूर्व पीओजेके राष्ट्रपति सरदार मसूद खान और इनके साथ पीओजेके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवरुल हक भी शामिल है। यह समिति जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) के प्रतिनिधियों से वार्ता कर रही है, जो वहां के जन आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। वार्ता गुरुवार को मुख्य सचिव कार्यालय के कमेटी रूम में शुरू हुई और देर रात तक चली। शुक्रवार को भी बातचीत जारी रहने की उम्मीद है। क्या है लोगो की मांग, पहले ये समझिए अब पीओजेके के लोगों की मांग की बात करे तो जेकेजेएएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने बताया कि पीओजेके के लोगों की प्रमुख मांगों में 12 रिफ्यूजी सीटों को खत्म करना, वीआईपी और एलीट वर्ग को मिलने वाली विशेष सुविधाएं बंद करना, जून 2019 के हाईकोर्ट के फैसले को लागू करना, हेल्थ कार्ड योजना लागू करना शामिल है। इसके अलावा, आंदोलनकारियों की मांग है कि मुजफ्फराबाद, धिरकोट और अन्य इलाकों में मारे गए निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या के दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दी जाए। अब जानें कब और कैसे शुरू हुआ प्रदर्शन? गौरतलब है कि प्रदर्शन पीओजेके में लगातार बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और बुनियादी सुविधाओं की कमी के खिलाफ शुरू हुआ।

आंदोलन ने उस समय उग्र रूप ले लिया जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कई लोग मारे गए। गुरुवार को भी क्षेत्र में पूरी तरह शटर डाउन और व्हील-जाम हड़ताल रही। सोमवार से संचार सेवाएं भी ठप हैं। हालांकि गुरुवार को किसी नए हिंसक घटना की खबर नहीं आई।

## नोबेल की जुगाड़ में लगे ट्रंप के दूसरे नेता ले रहे हैं मजे, उड़ा दी खिल्ली

**मास्को, एजेंसी।** नोबेल पुरस्कार की कोशिश में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिसलती जुबान चर्चा का विषय बन गई है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान अल्बेनिया, आर्मेनिया और फ्रांस के नेताओं को ट्रंप के बयान को मजाकिया अंदाज में दोहराते हुए देखा गया। खास बात है कि ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने 7 युद्ध रुकवाने में सफलता हासिल की है।

कोपेनहेगन में जुटे यूरोपीय नेताओं की बातचीत में ट्रंप का भी जिक्र आया। मीडिया रिपोर्ट्स के असार, अल्बेनिया के प्रधानमंत्री ईदी रामा ने मजाकिया अंदाज में फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रों और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलियेव से कहा, आपको माफी मांगने चाहिए... क्योंकि आपने हमें राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से कराई गई अल्बेनिया और अजरबैजान की डील पर शुभकामनाएं नहीं दी। यह सुनते ही एक ओर जहां अलियेव हंसने लगे। वहीं, मैक्रों ने कहा, मैं इस बात के लिए माफी मांगता हूं। दरअसल, ट्रंप ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच शांति समझौता कराया था। दोनों देशों के बीच अगस्त में वाइट हाउस में ही डील साइन हुई थी। अब ट्रंप कई मौकों पर आर्मेनिया की जगह अल्बेनिया कह चुके हैं। बीते महीने एक टीवी चैनल पर उन्होंने कहा था, मैं ऐसे युद्ध खत्म कराए हैं, जिन्हें खत्म करना नामुमकिन था। अजरबैजान और अल्बेनिया में कई सालों से चल रहा था। मैं प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों को अपने दफ्तर लेकर आया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भी ट्रंप ने कहा था, हमने अबर-बैजान और अल्बानिया के मुद्दे का समाधान कराया। अब यहां उन्होंने एक देश का नाम ही गलत लिया और दूसरे देश का नाम ठीक से नहीं ले पाए। भारत और पाकिस्तान के भी कर रहे हैं दावे ट्रंप ने 10 मई को जब सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वॉशिंगटन की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गए हैं, तब से उन्होंने लगभग 50 बार यह दावा दोहराया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव घटाने में मदद की है। भारत ने हालांकि, किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से लगातार इनकार किया है। उसने लगातार कहा कि पाकिस्तान के साथ शत्रुता समाप्त करने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी।

नई दिल्ली में, विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने इस बैठक का संज्ञान लिया है। भारत ने यह भी कहा कि आतंकवाद जैसे मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ उसकी बातचीत में किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि उसका मानना ??है कि ये द्विपक्षीय ही रहनी चाहिए।

## अब मोरक्को में जेन जी का गुस्सा भड़का:कहा- हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे



**रबात, एजेंसी।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई। वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70% प्रदर्शनकारी नाबालिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डॉलर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपए) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। मोरक्कों में भी प्रदर्शनकारियों का कोई नेता नहीं सीएनएन के मुताबिक युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को कॉल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8% है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8% और स्नातकों में 19% तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डॉक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। डिस्कॉर्ड-टिकटॉक ऐप से आंदोलन यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे टिकटॉक और डिस्कॉर्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं। इसके बाद बुधवार को हिंसक प्रदर्शन तेज हो गए। राजधानी रबात, मुख्य वाणिज्यिक शहर कैसाब्लांका और बंदरगाह शहर टैंजियर में भी विरोध प्रदर्शन हुए। स्थानीय मीडिया ने बताया कि पर्यटन केंद्र माराकेश में भी हिंसा हुई और प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस स्टेशन को आग लगा दी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता रशीद अल खल्फी ने बताया कि अशांति के बाद पूरे मोरक्को में 409 लोगों को हिरासत में लिया गया।

# यूक्रेन के सैन्य ठिकानों और गैस साइट्स पर रूस ने जमकर की गोलाबारी, मिसाइलें भी दागीं

**कीव (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन की जंग बीते साढ़े 3 साल से जारी है। शांति के प्रयास नाकाम रहे हैं,जिसे जैसा मौका मिलता है वैसा हमला कर देता है। बीती रात रूस ने यूक्रेन के कई सैन्य ठिकानों, गैस साइट्स पर गोलाबारी की और कहीं कहीं भी मिसाइलें दागी। कुल मिलाकर दोनों देश एक-दूसरे की सैन्य ठिकानों या ऊर्जा संरचनाओं को निशाना बनाकर अपने दुश्मन को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को रूसी सेना ने कई यूक्रेनी सैन्य ठिकानों और गैस संरचनाओं को निशाना बनाया।

वहीं, यूक्रेनी की तरफ से भी इस हमले की पुष्टि की गई है। यूक्रेन की सरकारी ऊर्जा कंपनी नैफ्टोगैज ने इस हमले को देश के गैस संरचनाओं पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया। कंपनी की तरफ से कहा गया कि रूस की तरफ से किए गए हमलों में उसे काफी गंभीर नुकसान हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रातभर कई प्लेटफार्म्स से मिसाइलें और लंबी दूरी के ड्रोन यूक्रेन के ऊपर दागे गए। इन ड्रोन्स और मिसाइल ने बखूबी अपने लक्ष्यों को भेदा और अपना मिशन सफल बनाया। इस हमले को लेकर यूक्रेनी वायुसेना की तरफ से बताया गया कि इसें रूस 810 ड्रोन्स के अलावा चार बैलिस्टिक मिसाइलें और नौ क्रूज मिसाइलें दागीं थीं। यूक्रेनी सेना के मुताबिक यह हमला जुलाई में किए गए हमले से भी काफी भयानक था। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस की तरफ से किए गए इस हमले को कायरता पूर्ण करार दिया था। उन्होंने कहा, ऐसी हत्याएं अब हो रही हैं, जबकि वास्तविक कूटनीति बहुत पहले शुरू हो सकती थी, यह एक जानबूझकर किया गया अपराध है और युद्ध को लम्बा खींचने जैसा है। जेलेंस्की ने कहा, दुनिया क्रेमलिन के अपराधियों को हत्याएं बंद करवा सकती है, हमें बस राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है।

**7 सितंबर को भी रूस ने दागी थी मिसाइलें**

रूस की तरफ से लगातार यूक्रेन पर इसी तरीके से हमले किए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 7 सितंबर को रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के ऊपर ड्रोन्स और मिसाइलों के जरिए हमला बोला था। इस हमले की वजह से कीव में कुल 11 घंटों तक सायरन बजता रहा था। इस हमले के दौरान रूस ने करीब 800 से ज्यादा ड्रोन तैनात किए थे, जिनमें से ज्यादातर एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराए थे लेकिन इसके बाद भी कई आवासीय भवनों और सरकारी इमारतों से जाकर फटे थे। इनकी वजह से राजधानी कीव में दो लोगों की मौत हो गई थी, इसमें एक बच्चा भी शामिल था।



# नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लोकनेते डीबी पाटिल होगा, सीएम फडणवीस ने घोषणा की

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम आधिकारिक तौर पर लोकनेते डीबी पाटिल नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा जाएगा। यह निर्णय नवी मुंबई और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है और दिवंगत लोकनेते दिनकर बालू पाटिल के किसानों के अधिकारों और क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करता है। इस नामकरण प्रस्ताव को महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल और राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों द्वारा मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भी यह मामला रखा गया है, जिन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। केंद्र सरकार हवाई अड्डों के नामकरण के लिए एक व्यापक नीति तैयार कर रही है। इस नीति को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही राज्य सरकार के स्वीकृत प्रस्ताव के आधार पर हवाई अड्डे के नामकरण को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान की जाएगी। हवाई अड्डे का नाम लोकनेते डीबी पाटिल के नाम पर रखने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान दर्ज सभी लंबित पुलिस मामलों को वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसरों से वंचित होने से बचाना है। कोविड-19 अवधि के दौरान दर्ज मामलों को भी कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा हिमाचल की जनता से किए वादे निभाए : अनुराग ठाकुर



मदुरै (एजेंसी)। मंडी,(ईएमएस)। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंडी में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा हिमाचल की जनता से किए वादे निभाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए मोदी सरकार ने कई बड़े प्रोजेक्ट और हजारों-करोड़ की योजनाओं को लागू किया है। सांसद ठाकुर ने राज्य सरकार पर निशाना साधकर कहा, 'जब अपनी विफलताओं के लिए जनता सवाल पूछ रही है, तब कांग्रेस सरकार आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने में लगी है। मगर हिमाचल की जनता अच्छी तरह जानती है कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, वहां करके दिखाते हैं। भाजपा सांसद ने दावा किया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। सांसद ठाकुर ने कांग्रेस पर प्रहार कर कहा कि जनता को गुमराह करने की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चल पाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश की जनता भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की विकासपरक नीतियों पर फिर विश्वास जताएगी।

# सीमा पर मंडराता दिखा पाकिस्तानी ड्रोन, सुरक्षा बल अलर्ट, तलाशी अभियान जारी

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे गांव के ऊपर पाकिस्तानी ड्रोन मंडराता दिखा। इसे लेकर सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पाकिस्तान की ओर से शुक्रवार देर रात ड्रोन जैसी एक वस्तु आती दिखी, जो रामगढ़ सेक्टर के नांगा गांव के ऊपर मंडराती रही जिससे सीमावर्ती क्षेत्र में बल सतर्क हो गए। सुरक्षा बलों और पुलिस दलों को इलाके की तलाशी लेने तैनात किया गया कि सीमा पार से नशीले पदार्थों और हथियारों जैसी कोई भी सामग्री गिराई तो नहीं गई। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक तलाशी अभियान जारी था। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर आसपास के गांवों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दूसरी ओर, सीमा पार से हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का अमृतसर में भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 1.50 किलोग्राम हेरोइन और 12 पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान तरनतारन के गांव मारी मेघा निवासी जोबन सिंह, करणदीप सिंह उर्फ पंडित और अजयपाल सिंह, अमृतसर के गांव रानिया निवासी जशनप्रीत सिंह के रूप में हुई। 16 साल का एक किशोर को भी हिरासत में लिया गया है।

# मुंबई हवाई अड्डे पर दो महिलाओं से 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डीआरआई ने एक बड़े ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि डीआरआई मुंबई की विभागीय इकाई ने बैंकॉक से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची दो महिला यात्रियों से अवैध रूप से तस्करी कर लाई गई 7.95 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 79.5 करोड़ रुपये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंकॉक से मुंबई पहुंची दो महिला यात्रियों को डीआरआई अधिकारियों ने खुफ़िया जानकारी के बाद हवाई अड्डे पर रोक लिया। उनके सामान की जांच के दौरान खिलौनों के एक पैकेट में छिपाकर रखा गया प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया। खिलौनों के एक डिब्बे में सफेद पाउडर के ईंट के आकार के 22 पैकेट छिपाए गए थे। इन सभी पैकेटों को जब्त कर लिया गया और मौके पर ही प्रारंभिक जांच की गई। एनडीपीएस फील्ड किट से की गई जांच में पुष्टि हुई कि वह पदार्थ कोकीन है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों महिलाओं को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

# जब भारत उड़ान भरता है, तो झूठ जमीन पर गिर जाता है: सिंघवी

## – ऑपरेशन सिंदूर के बयान पर कांग्रेस नेता अजय को पार्टी के ही नेता ने घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर पर शक जाहिर करने वाले कांग्रेस नेता अजय राय घिरते नजर आ रहे हैं। बता दें शुक्रवार को एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सीडीएस उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपने बयान पर पाकिस्तान को लताड़ा था। इनके संबोधन के बाद कांग्रेस नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि 'कुछ तो गड़बड़' है। दरअसल, उन्होंने एयर चीफ मार्शल और सीडीएस के बयान को विरोधाभासी बताया था। बीजेपी ने हमला करते हुए उनको सेना के मनोबल गिराने का आरोप लगाया था। लेकिन, अब अजय राय अपनी पार्टी के नेता से घिरते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने एक्स पर सेना और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पोस्ट किया है।

सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल खड़ा करने वाले अजय राय अपनी ही पार्टी के नेता के बयान से घिरते हुए नजर आ रहे हैं। सिंघवी ने एक्स पर पोस्ट के जरिए पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। दरअसल, सिंघवी ने लिखा- भारतीय तथ्य पाकिस्तानी दुष्प्रचार से ज्यादा ज़ोरदार है। जैसा कि भारतीय वायुसेना प्रमुख ने पुष्टि की है, पाकिस्तान के 'शीर्ष हथियार' एफ-16 और जेएफ-17 उनके झूठे बयानों से भी तेजी से गिरे। जब भारत उड़ान भरता है, तो झूठ जमीन पर गिर जाता है! सिंघवी के इस पोस्ट से तो अजय राय के सवाल भी बिखर कर गिर गए होंगे।

एयरफोर्स के 93वें स्थापना दिवस पर वायुसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई एयरफील्ड और एसेस्ट्स का नुकसान हुआ। इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक उनके 3 हैंगर और टारमेक को निशाना बनाया गया। हमने 6-7 एयरक्राफ्ट को मार गिराया, जो कि उन जगह पर मौजूद थे। इसमें जे-130 और एफ-16 हो सकते हैं। साथ ही हमने एक लॉन्ग रेंज स्ट्राइक में पाकिस्तान के 5 हाईटेक फाइटर मार गिराए हैं।

वायुसेना अध्यक्ष और थल सेनाध्यक्षों के बयान के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल खड़ा कर दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सफाई दी जा रही है। इससे साबित होता है कि कुछ तो गड़बड़ है। इनके तमाम आला अधिकारी भी अलग-अलग बयान देते हैं। जो दर्शाता है कि अंदर कुछ बहुत गंभीर चल रहा है। पीएम मोदी को देश के लोगों के सामने सब कुछ साफ करना चाहिए।

# सरकार जज, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती, बुलडोजर एक्शन कानून का उल्लंघन : सीजेआई गवई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है, कि भारतीय न्याय व्यवस्था रूल ऑफ लॉ यानी कानून के शासन से चलती है, इसमें बुलडोजर एक्शन की जगह नहीं है। सीजेआई मॉरीशस में आयोजित सर मॉरिस रॉल्ट मेमोरियल लेक्चर 2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल के फैसले में स्पष्ट किया था कि किसी आरोपी के खिलाफ बुलडोजर चलाना कानून की प्रक्रिया को तोड़ना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई ने कहा कि सरकार एक साथ जज, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती। बुलडोजर शासन संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। लेक्चर के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल, पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम और मुख्य न्यायाधीश रेहाना मंगली गुलबुल भी मौजूद थे। सीजेआई गवई ने तीन तलाक खत्म करने, व्यभिचार कानून को निरस्त करने, चुनावी बॉन्ड स्कीम और निजता को मौलिक अधिकार मानने जैसे फैसलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन सभी फैसलों ने दिखाया कि कोर्ट ने रूल ऑफ लॉ को एक ठोस सिद्धांत बनाया है, जिससे मनमाने और अन्यायपूर्ण कानून खत्म किए गए। चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि भारत में रूल ऑफ लॉ केवल नियमों का सेट नहीं है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक ढांचा है, जो समानता, गरिमा और सुशासन तय करता है। उन्होंने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान का हवाला देते हुए कहा कि उनका दृष्टिकोण बताता है कि लोकतंत्र में कानून का राज ही समाज को न्याय और जवाबदेही की ओर ले जाता है।

# कंपनियों ने ट्रंप को लेटर लिख बता दिया एच-1बी वीजा फीस बढ़ाने का परिणाम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बी वीजा फीस को बढाकर 88 लाख करने के फैसले ने अमेरिकी कंपनियों की नींद उड़ा रखी है। कंपनियों ने पत्र लिखकर ट्रंप को समझा दिया है कि फीस बढ़ाने परिणाम क्या होंगे। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारी किसी की सुनने को तैयार नहीं हैं। पत्र में कहा गया है कि वीसा फीस बढाने से कंपनियों को कुशल कर्मचारी मिलने में बहुत कठिनाई होगी और उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उद्योग तबाह हो जाएंगे और अमेरिकी अर्थव्यवस्था गर्त मे चली जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को ट्रंप को भेजे गए एक पत्र में, चिपमेकर, सॉफ्टवेयर कंपनियों और रिटेलर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले करीब दर्जनभर उद्योग संगठनों ने कहा कि नया वीजा शुल्क विदेशी प्रतिभा से अमेरिकी कंपनियों को वंचित कर देगा और बहुत से महत्वपूर्ण पद खाली रहे जाएंगे। जिन उद्योग संगठनों ने पत्र लिखा है कि उनमें माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, वॉलमार्ट जैसी बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। ये कंपनियां वर्षों से ये कंपनियां एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम पर निर्भर रही हैं। पत्र में उद्योगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वह एच-1बी कार्यक्रम में सुधार करें, लेकिन ऐसे बदलाव न करें जो कंपनियों के लिए अतिरिक्त बोझ बनें। उन्होंने लिखा, हम चाहते हैं कि प्रशासन उद्योग के साथ मिलकर सुधार करे, न कि कंपनियों की भर्ती, प्रशिक्षण और प्रतिभा बनाए रखने की चुनौतियों को और बढ़ाए। सेमीकंडक्टर उद्योग संगठन, नेशनल रिटेल फेडरेशन, बिज़नेस सॉफ्टवेयर एलायंस और एंटरटेनमेंट सॉफ्टवेयर एसोसिएशन जैसे समूहों ने भी पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इन सभी ने स्पष्ट किया कि वे प्रशासन के साथ मिलकर सुधार करने के लिए तैयार हैं, लेकिन नए शुल्क से कंपनियों की प्रतिभा आपूर्ति श्रृंखला खतरे में पड़ सकती है।

# वांगचुक की गिरफ्तारी पर मगरमच्छ के आँसू बहाने वाली कांग्रेस... आपातकाल भूल गई क्या

## बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने फिर कांग्रेस पार्टी की जमकर खिंचाई की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने फिर कांग्रेस पार्टी की फिर जमकर घेराबंदी की है। सांसद दुबे ने सोनम वांगचुक का समर्थन करने पर कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने आपातकाल के दौरान बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजया राजे सिंधिया और आंध्रप्रदेश के पूर्व राज्यपाल भीम सेन सच्चर की गिरफ्तारी का हवाला देकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यों को लेकर कांग्रेस पर तंज कस दिया है।

बीजेपी सांसद दुबे ने कांग्रेस से सवाल किया कि आप किस संविधान का हवाला दे रहे हैं, जब 1975 में बीजेपी की संस्थापक सदस्य और ग्वालियर राजघराने की महारानी राजमाता सिंधिया को गिरफ्तार किया था। उनके घर पर आयकर विभाग के छापे पड़े थे। सांसद दुबे ने कहा कि उन्हें और गायत्री देवी को तिहाड़ जेल की उस कोठरी में बंद किया गया था, जहां शौचालय की सुविधा तक नहीं थी और आप आज महिला सशक्तिकरण की दम भर रहे हैं।

बीजेपी सांसद ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के पीछे विदेशी ताकत का होने का आरोप लगाकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग पूरी की। सांसद ने कहा कि आज आप वांगचुक की बात कर रहे हैं। लद्दाख में लोग मारे गए। वांगचुक पहले केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मांगते थे।

सांसद ने कहा लेकिन वांगचुक अब एक विदेशी ताकत के शामिल होने के बाद, वे राज्य का दर्जा मांग रहे हैं। कांग्रेस ने बीते 30 सालों में कुछ नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने आपको केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दे दिया।

बीजेपी सांसद ने स्वतंत्रता सेनानी और आंध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल सच्चर की गिरफ्तारी का जिक्र कर कहा कि पुलिस ने उन्हें जमीन पर घसीटकर गिरफ्तार किया था। और आप लोकतंत्र की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए।

बीजेपी सांसद दुबे ने पोस्ट में लिखा कि इंदिरा गांधी ने ग्वालियर की महारानी और भाजपा की संस्थापक राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी को तिहाड़ जेल में मृत्युदंड की कोठरी में बंद करवाया था, जहाँ शौचालय की भी सुविधा नहीं थी। उन्होंने लिखा कि हैरानी की बात है कि सिर्फ एक पत्र लिखने के लिए, स्वतंत्रता सेनानी और आंध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल भीम सेन सच्चर साहब को 82 साल की उम्र में पुलिस यातनाओं के साथ जेल भेजा गया था। आज यही कांग्रेस लद्दाख हिंसा के बाद गिरफ़्तार लोगों के लिए मगरमच्छ के आँसू बहा रही है।

बीजेपी सांसद की यह टिप्पणी तब आई है, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने वांगचुक की गिरफ्तारी का विरोध किया है और केंद्र से लद्दाख के लोगों से उनकी राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की माँग पर बातचीत करने का अनुरोध किया है।

# अभिनेता संजय दत्त पर भड़की कांग्रेस कहा- नायक नहीं... नालायक है तू...

मुंबई (एजेंसी)। फिल्म अभिनेता संजय दत्त ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की जमकर तारीफ कर दी। उनका एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वे संघ के सौ साल पूरे होने पर उसकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस को यह पसंद नहीं आया और देश की सबसे पुरानी पार्टी ने संजय दत्त को नालायक तक कह दिया। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने संजय दत्त पर बेहद कड़ा प्रहार करते हुए कहा, नायक नहीं, खलनायक है तू। अपने पिता का नालायक है तू। बता दें कि संजय दत्त के पिता सुनील दत्त कांग्रेस के दिग्गज नेता हुआ करते थे। वह सांसद भी रहे। वहीं, उनकी बहन प्रिया दत्त भी कांग्रेस से जुड़ी हैं। संजय दत्त ने दोनों की विचारधारा के विपरीत जाकर संघ की प्रशंसा की है। सुरेंद्र राजपूत के बयान पर अब तक संजय दत्त की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। संजय दत्त ने 2 अक्टूबर के दिन अपने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, संघ हमेशा देश के साथ खड़ा रहा है, खासकर संकट और मुश्किल समय में। इस बयान के बाद से ही सोशल मीडिया पर विवाद और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। बता दें कि संजय दत्त पहले कई विवादों में घिरे थे। 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में उन्हें गैरकानूनी हथियार रखने के आरोप में टाडा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में वे टाडा के आरोपों से बरी हुए, लेकिन आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाए गए और उन्हें जेल की सजा भी काटनी पड़ी थी।

# सावधान महाराष्ट्र! आज से लेकर 7 तक कभी भी दस्तक दे सकता है चक्रवात शक्ति



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के कई इलाकों के लिए संकट खड़ा कर सकता है चक्रवात शक्ति। आज यानी शनिवार से लेकर 7 अक्टूबर तक कभी ये तूफान दस्तक दे सकता है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग आदि जिलों में इसका असर दिखाई देगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

आईएमडी के मुताबिक, समुद्री स्थिति खराब होने के कारण उत्तरी महाराष्ट्र तट पर 5 अक्टूबर तक समुद्र की सतह पर बदलाव देखने को मिलेगा। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। महाराष्ट्र के आंतरिक हिस्सों जैसे पूर्वी विदर्भ और मराठवाड़ा के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही, उत्तरी कोंकण के निचले इलाकों में घने काले बादल छाए रहेंगे। इस दौरान वातावरण में नमी की घुसपैठ के कारण भारी बारिश होगी और बाढ़ की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह चेतावनी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए है। 4 से 5 अक्टूबर के बीच उत्तरी महाराष्ट्र तट पर हवा की गति 45-55 किमी प्रति घंटा और झोंके के साथ 65 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। चक्रवात की तीव्रता के आधार पर हवा की गति बढ़ सकती है। हालातों को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने चक्रवात शक्ति की चेतावनी को देखते हुए कुछ निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासनों को अपने आपदा प्रबंधन सिस्टम सक्रिय करने, तटीय और निचले इलाकों में नागरिकों के लिए निकासी योजनाएं तैयार करने, पब्लिक एडवाइजरी जारी करने और समुद्री यात्रा से बचने की सलाह शामिल है। इसके अलावा, भारी बारिश के दौरान सुरक्षा उपाय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# करूर भगदड़ के बाद हाईकोर्ट का आदेश: हाईवे पर नहीं होगी रैली और रोड शो



**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के करुर की रैली में मची भगदड़ के बाद मद्रास हाईकोर्ट ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि हाईवे राजनैनिक रैलियां और रोड शो के लिए नहीं है। इस पर तत्काल रोक लगाएं। अदालत ने यह आदेश 4 जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान पारित किया गया। इनमें अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) की रैली के दौरान भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश मांगे गए थे। यह पाबंदी तब तक लागू रहेगी जब तक ऐसे आयोजनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार नहीं हो जाती।

राज्य सरकार ने अदालत को आश्वासन दिया कि जब तक एसओपी तैयार नहीं हो जाती, तब तक राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्धारित स्थानों को छोड़कर किसी भी सभा की इजाजत नहीं दी जाएगी। जज सेंथिलकुमार ने तमिलनाडु पुलिस की हाल ही में विजय के कैंपेन बस से संबंधित दुर्घटना को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या कोई मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, केस दर्ज करने से क्या रोकता है? भले ही कोई शिकायत न दी जाए, पुलिस को स्वयं मामला दर्ज करना चाहिए।

### जमानत याचिका खारिज, एसआईटी गठित

हाई कोर्ट ने टीवीके के दो सीनियर पदाधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं 27 सितंबर को करूर में पार्टी की रैली में हुई भगदड़ के सिलसिले में दायर की गई थीं। अदालत ने टीवीके के प्रदेश महासचिव बुस्सी एन आनंद और उप महासचिव सीटीआर निर्मल कुमार की याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिन्हें घटना के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी में नामजद किया गया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा के सीनियर अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया, जो 27 सितंबर को प्रदेश के करूर में विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ की जांच करेगा।

# रेलवे भर्ती संकट: मौतों और बेरोज़गारी की बढ़ती चुनौती, एनसीबीआर के आंकडे कर रहे पुष्टि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय रेलवे न केवल एशिया का सबसे बड़ा नियोक्ता है बल्कि करोड़ों युवाओं के लिए रोज़गार का प्रमुख स्रोत भी है। हर साल लाखों युवा इसकी नौकरी पाने का सपना देखते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में रेलवे भर्ती प्रक्रिया में लेट-लतीफी ने युवाओं के विश्वास को झकझोर कर रख दिया है और वहीं दूसरी तरफ मौतों की संख्या बढ़ा दी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीबीआर) के आंकड़े इस गंभीर स्थिति की पुष्टि करते नजर आ रहे हैं।

रेलवे में नौकरी पाने के लिए हर साल ग्रुप-डी से लेकर तकनीकी और क्लर्क पोस्ट तक हज़ारों-लाखों आवेदन युवा करते हैं। हालांकि, कई बार विज्ञापन निकलने के बावजूद परीक्षाएं स्थगित कर दी जाती हैं या रिज़ल्ट समय पर जारी नहीं होते हैं। कभी-कभी नियुक्ति पत्र मिलने में सालों लग जाते हैं। इस लगातार लंबित प्रक्रिया ने बेरोज़गार युवाओं को निराशा की गहरी खाई में धकेलने का काम किया है। एनसीबीआर के आंकड़ों से पता चलता है कि रेलवे से जुड़ी मौतों में लगातार इज़ाफ़ा हुआ है। इनमें आत्महत्या, दुर्घटनाएं और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में होने वाली मौतें शामिल हैं। विशेषकर युवाओं का बड़ा हिस्सा उन उम्मीदों के टूटने की वजह से ट्रैक या अन्य स्थानों पर अपनी जान गंवा रहा है। कई राज्यों में युवाओं ने स्पष्ट रूप से लिखा है, कि रेलवे भर्ती न होने के कारण जीवन बेकार हो गया। आरोप है कि सरकार की संवेदनहीनता इस संकट को और गंभीर बना रही है। बार-बार स्थगित परीक्षाओं और अधूरी भर्ती प्रक्रिया ने युवा आंदोलनों और धरनों को जन्म दिया। 2022 में देशभर में आरआरबीएग्जाम और रेलवे रिक्वायरमेंट जैसे हैशटैग के माध्यम से लाखों उम्मीदवारों ने अपनी नाराज़गी जताई। कई जगह पुलिस कार्रवाई भी हुई, लेकिन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं निकला।

विशेषज्ञों का कहना है कि रेलवे भर्ती प्रक्रिया को तुरंत पारदर्शी और समयबद्ध बनाना होगा। इसके साथ ही बेरोज़गार युवाओं के लिए वैकल्पिक रोज़गार, स्किल डेवलपमेंट और कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम को मज़बूत किया जाना आवश्यक है। युवाओं के प्रति सरकार का संवेदनशील रवैया ही इस संकट का स्थायी समाधान साबित हो सकता है। रेलवे भर्ती केवल नौकरी का अवसर नहीं है, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों की डोर है। जब यह डोर टूटती है तो न केवल परिवार बिखरते हैं बल्कि देश का भविष्य भी संकट में पड़ता है। एनसीबीआर के आंकड़े चेतावनी हैं कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो बेरोज़गारी और आत्महत्याओं का यह सिलसिला और तेज़ हो जाएगा।

